कुछ जीव खुले घावों को संक्रमित कर सकते है जिससे स्थानीय घाव संक्रमण हो सकता है। ये संक्रमण आमतौर पर मामूली प्रकृति के होते है लेकिन संक्रमण ऊतकों के माध्यम से फैल सकता है और अधिक गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। लोग दूषित तरल पदार्थ उत्ताक या पानी के माध्यम से संक्रमण का शिकार होते हैं। त्वचा का सीवेज के साथ संपर्क कट, खरोंच या छेदने वाले घावों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हो सकता है। कटी हुई त्वचा या खुले घाव विशेष रूप से संक्रमण के लिए अतिसंवेदनशील होते है, आंख की सतह को छूने से भी संदूषण हो सकता है, त्वचा की बीमारियों में खुजली (57.6%) टिनियासिस (34.6%) उसके बाद दाने/पिग्मेंटेशन (25.6%) और डर्माटाइटिस (19.2%) सभी सीवरेज कर्मकारों में शामिल है।[25]

हैजा – विब्रियो कोलेरा एक प्रकार का बैक्टीरिया है जो हैजा का कारण बनता है, जिससे संक्रमण होता है। दूषित पानी, खास तौर पर सीवेज के माध्यम से संक्रमण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।[26] जो सीवरेज कर्मकारों में देखा जाता है।

टाइफाइड बुखार – मानव मल से दूषित पानी साल्मोनेला टाइकी के लिए आवास प्रदान करता है, जो टाइफाइड बुखार पैदा करने वाला सूक्ष्म जीव है। अपर्याप्त स्वच्छता इसके संचरण को बढ़ावा देती है।[27]

पोलियो (पोलियोमाइलाइटिस) – पोलियो वायरस के कारण सीवेज में पोलियों होता है। यदि अपर्याप्त सीवेज का सही तरिके से उपचार नहीं किया जाता है तो हैजा एक अक्षम करने वाली बीमारी बन सकती है।[28]

सीवरेज कर्मकार प्रत्यक्ष रूप से सीवेज जिसमें कीचड़ अपशिष्ट जल, सेप्टिक टैंक का मल, गाद और अनुपचारित सीवेज शामिल है के संपर्क में आते है इस कारण से उनमें गंभीर जटिलताएँ विकसित होने की संभावना सबसे अधिक होती हैं सीवेज और उसके अपशिष्ट जल में रोग पैदा करने वाले सुक्ष्म जीव होते है। इन जीवों में बैक्टीरिया, कवक, परजीवी और वायरस शामिल होते है जो विभिन्न संक्रमणों के कारण बनते है जिनसे सीवरेज कर्मकार को कई तरह के स्वास्थ्य खतरों और बीमारियों का सामना करना पड़ता है, सीवरेज कर्मकार मुख्य रूप से रासायनिक और जैविक खतरों से पीड़ित होते है। इन खतरों में हानिकारक गैसों के सम्पर्क में आने के साथ-साथ कई बीमारियां जिनमें श्वसन संबंधी विकार, जीनविषाक्तता कैंसरजन्यता, मस्कुलोस्केलेटल विकार, लेप्टोस्पायरोसिस, जठरांत्रशोथ, त्वचा संबंधी विकार, हैजा, बुखार, पोलियों पेचिश, उल्टी, सिरदर्द, दस्त, पेट में ऐंठन शामिल है। सीवरेज कर्मकारों के इन स्वास्थ्य संबंधी खतरों को इंजीनियरिंग, चिकित्सकीय और विधायी उपायो द्वारा ही रोका जा सकता है जहां इंजीनियरिंग उपाय प्रक्रिया को और अधिक यांत्रिक बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर जोखिम से बचाने में मदद करेगे वही चिकित्सकीय और विधायी उपाय सीवरेज कर्मकारों को स्वास्थ्य सेवाओं से भी लाभान्वित करने में सहायेग करेगें।

साथ ही सुरक्षित कार्य प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में शिक्षा प्रदान करने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। वही चिकित्सकीय और विधायी उपायों में

कानून के प्रभावी प्रवर्तन द्वारा सीवरेज कर्मकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षित कार्य प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण प्रदान कर नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए और कर्मकारों को स्वास्थ्य सेवाओ से लाभान्वित किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. क्लीनिंग ह्युमन वेस्ट मैन्यूअल स्कैवेंजिग कास्ट एण्ड डिस्क्रीमीनेशन इन इंडिया अगस्त 25, 2014 https://www.hrw.org/Report/2014/08/25/eleaning, visited 19 june 2025, 5.25
2. पार्लियामेन्ट क्वेश्चन: वेलफेर एण्ड प्रोफाइलिंग ऑफ सीवर एण्ड सेप्टिक टैंक वर्कर्स पोस्टेड ओन : 17 दिसम्बर 2024 बाय पीआईबी देहली www. pib.gov.in
3. डिजीज अमंग सीवेज वर्कर्स जनवरी 2014, ओथर्स: गौरव कोहली, मनु कोहली, वैशाली गल्होत्रा
4. हेल्थ एण्ड सेफ्टी गाइड फोर सीवेज वर्कर्स https://cpdonline. co. UK/healthsafetyguides
5. हेल्थ एण्ड सेफ्टी गाइड फोर सीवेज वर्कर्स https://cpdonline. co.uk/health&safetyguides
6. इनफेक्शन रिस्क फ्रोम वर्क वीथ सीवेज, लास्ट अपडेट - 28 नबम्बर, 2022 https:/www.worksafe.Qid.gov.ges
7. सेप्टिक टेंक विकिपीडिया, https:// en.wikipedia.org. सीवर गैंस विकिपीडिया, https://en.wikipedia.org एवरिथिंग यू आल्वेज वान्टेड टू नो अबाउट सीवर गैस बट अफ्रेड टू आस्क द सीटी ऑफ मरिनो ओहियो https://www. marionohioys देखा 29 जून 2025
8. सीवर गैंस विकिपीडिया: https://enwikipedia.org.
9. डिजेज अमंग सीवेज वर्कर्स - जनवरी 2014 गौरवकोहली - डिपार्टमेन्ट ऑफ कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिग, एम एम इन्स्टीट्यूट, ऑफ नर्सिग, एम एम यूनिवर्सिटी मुलाना, अबांला हरियाणा, मनु कोहली डिपार्टमेन्ट ऑफ मेन्टल हेल्थ नर्सिगं माई कामों कोलेज ऑफ नर्सिंग तरनतटन हरियाणा, इंडिया वैशाली गल्होत्रा- डिपार्टमेन्ट ऑफ मेडिकल सर्जिकल नर्सिम लाला लाजपत राय इंस्टीट्युट ऑफ नर्सिंग, मोगा पंजाब, इंडिया
10. जेनोटॉक्सिसिटी, कार्सिनोजेनेसिटी एण्ड टेराटोजेनेसिटी डा. के. मनोहर बाबु, वी जें.एस कॉलेज ऑफ फार्मेसी https://www.slideshare. net
11. नेशनल प्रायोरिटीज ग्रांट्स : एवाल्यूएशन आफ एन्टीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस इन वेस्ट वॉटर एण्ड सीवेज स्लज ट्रीटमेंट एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन द एनवायरमेन्ट, लास्ट अपडेटेड 20 अगस्त 2024 https:// www.epa-gov.translate
    हेल्थ इफेक्ट्स अमंग एम्प्लॉइज इन सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट्स: लीटरेचर सर्वे-अगस्त 2001; जोरजन थोर्न, इरिका केरेकेस https://www. researchgate.net, रिपोर्ट सेज 'फोरएवर केमिकल्स' इन सीवेज बेस्ड फर्टिलाइजर पोज केन्सर रिस्क, बाय अलहेन्द्रा मार्तीनेस
12. राव टीबी. सोशोलोजी इन मेडिसीन फस्ट एडिशन गुंठुर : श्री ग्राफीक्स; 2002
13. कामथ एस आर त्यागी एन. के., रशीद एस. एस. ए, लंग फक्शन इन इंडियन सब्जेक्ट्स लंग इंडिया 1982; 11-21
14. आक्यूपेशनल हेल्थ ऑफ सीवरमेन, अ सीनोप्सीज ऑफ आक्यूपेशनल मेडिसीन, टूपरक्ली, 2वि एडिशन, ग्रेट ब्रिटेन 1993
15. हर्नियेट डिस्क - सिम्पट्म्स एण्ड कोजेज बाय मायोक्लीनिक स्टाफ अक्टूबर23,2023 www.mayoclinic.org , ऑस्टियोआर्थराइटिस: सिम्पट्म्स, कोजेज एण्ड ट्रिटमेन्ट-क्लेवलेंड क्लिनिक लास्ट रिन्युड 10/02/2023, www.myclevelandclinic.org, इनवर्टेबल डिस्क डिजीज-द स्पाइन ऐक्टिस ऑफ जे पेट्रिक जानसान एम डी www.spine-practice.com
16. आक्यूपेशनल हेल्थ हर्जड्स इन सीवेज एण्ड सेनीटरी वर्कर्स राजनारायण तिवारी, इंडियन जे ऑक्यूज एनवायर मेड 2008 दिसम्बर 12 (3) 112-115 पृष्ठ
17. इन्फेक्शन रिस्क फ्रेम वर्क वीथ सीवेज https://www.worksafe. qid.gov.au लास्क अपडेट 28 नवम्बर 2022
18. आक्यूपेशनल हेल्थ हर्जड्स इन सीवेज एण्ड सेनीटरी वर्कर्स राजनारायण तिवारी, इंडियन जे ऑक्यूप एनवायर मेड 2008 दिसम्बर 12 (3) 112-115 पृ.
19. वॉट आर द टोप टेन डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वांटर इन इंडिया। 2025 https:// www.netsolwater.com.translate.google
20. ऑक्यूपेशनल हेल्थ एण्ड सेफ्टी सेन्टर, मुंबई : अ सर्वे ऑफ द ऑक्यूपेशनल हेल्थ हर्जइर्स एण्ड वर्किंग कंडिशन्स ऑफ वर्कर्स (लेबर) फ्रोम द मेन सीवर डिपार्टमेन्ट ऑफ द बॉम्बे मुन्सीपल कोरपोरेशन; प्रोजेक्ट नम्बर 1, 1988
21. रिचर्डसन डीबी रेसीपायरेटरी इफेक्ट्स ऑफ क्रोनिक हाइड्रोजन सल्फाइड एक्सपोजर अमेरिकन जर्नल ऑफ इंड्स्ट्रीयल मेडिसिन 1995 28 : 99-108 पेज
22. वाट आर द टोप टेन डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वाटर इन इंडिया 2025. https://www.netsolwater.com.transtate.google
23. डिजीज अमंग सीवेज वर्कर्स जनवरी 2014 गौरवी कोहली, मनु कोहली, वैशाली गल्होत्रा https/www.researchgate.net इन्फेशन रिस्क फ्रोम वर्क वीथ सीवेज, लास्ट अपडेटेड 28 नवम्बर 2022 https://www.worksafegid.gov.24
    वॉट आर द टोप 10 डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वॉटर इन इंड़िया 2025 https://www.sofwater.com.translate.google.
24. उन्नटि, अ स्टडी ऑफ हेल्थ प्रोफाइल ऑफ सीवरेज वर्कर्स ऑफ अहमदाबाद सीटी; (डिजरटेशन) गुजरात यूनिवर्सिटी अहमदाबाद : 1997
25. सेन्ट्रल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट नागपुर हेल्थ स्टेटस ऑफ सीवेज फार्म वर्कर्स; टेक्नीकल डाइजेस्ट, नम्बर 17, 1971
26. वाट आर द टोप टेन डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वाटर इन इंड़िया 2025 https://www.netsolwater.com.translate.goolde
27. वाट आर द टोप टेन डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वाटर इन इंड़िया 2025 https://www.netsolwater.com.translate.goolde
28. वाट आर द टोप टेन डिजीजेज कोज्ड बाय सीवेज वाटर इन इंड़िया 2025 https://www.netsolwater.com.translate.goolde

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का अध्ययन

महेश कुन्तल* डॉ. मिनेश भट्ट**

*** शोधार्थी (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत**
**** शोध मार्गदर्शक (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत**

प्रस्तावना – बालिका शिक्षा भारत सरकार एवं स्थानीय सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। समाज के वास्तविक विकास एवं प्रगतिशील समाज में महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है। समाज में वंचित वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा के क्षेत्र में कम महत्व दिया जाता है। जबकि वंचित वर्ग के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित है। परन्तु इससे वह लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन, सामाजिक उत्थान, शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने हेतु पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण व शहरी वर्गो के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षो बाद भी हमारा देश आर्थिक, सामाजिक शैक्षिक एवं अन्य दृष्टि से अभी तक पिछड़ा हुआ ही है। किसी भी राष्ट्र के छात्र, छात्राओं का शिक्षित होना आवश्यक है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बड़ी द्रुतगति से शिक्षा का विकास हुआ। शिक्षा एक ऐसी गतिशील प्रक्रिया है जो बालक को देशकाल तथा परिस्थिति के अनुसार अग्रसर करती है।

शिक्षा व्यक्तिगत विकास के माध्यम से सामाजिक विकास कर मनुष्य को प्राणी बनाने में सहायता करती है।

हमारे संविधान में केन्द्र सरकार के शिक्षा सम्बन्धी दायित्वों तथा नीति मार्गदर्शन सिद्धान्तों में शिक्षा सम्बन्धी प्रावधान की धारा 45 में स्पष्ट किया गया है तथा आजादी के बाद शिक्षाविदों व राजनीतिज्ञों द्वारा यह संकल्पना की गई है कि पंचवर्षीय योजना के अन्त तक देश में शत-प्रतिशत बालक-बालिकाएं शिक्षा से लाभान्वित हो सकेंगे। किन्तु आजादी के कई वर्षो बाद भी यह सपना साकार नहीं हो सका। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से लेकर पंचवर्षीय योजनाओं तथा नई शिक्षा नीति से लेकर संवैधानिक प्रावधानों में भी गुणवत्तापरक शिक्षा के सार्वभौमिकीकरण के कई प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए कई योजनाएं जैसे शिक्षा लहर, शिक्षा कर्मी, लोकजुम्बिश, गुरूमित्र-योजना, सर्वशिक्षा अभियान जैसे योजना के माध्यम से गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के अवसर प्राप्त किये जा रहे हैं। वर्तमान समय में शिक्षा प्रक्रिया में बालिकाओं को अपने अधिकतम विकास करने के अवसर दिये जा रहे हैं। क्योंकि वह समाज का एक अंग है तथा समाज को प्रत्येक बालक से कुछ अपेक्षाएं हैं।

शिक्षा का लक्ष्य न केवल व्यक्तित्व विकास करना है। अपितु सामाजिक विकास करना भी इसका लक्ष्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्रावास की स्थापना की जाती है। छात्रावास में बालक को समाजिक बनने के अवसर मिलते है।

भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना के लिए कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय योजना को लागू किया।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की स्थापना छात्राओं की शैक्षिक उन्नति के लिए केन्द्र सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत की गई। इन विद्यालय का मुख्य उद्देश्य वंचित बालिकाओं को आवास सहित सुविधा उपलब्ध कराके सर्वांगीण विकास करना है। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए शोधार्थी के मस्तिष्क में निम्नलिखित प्रश्न उपजे जो इस प्रकार से है-

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की आकांक्षा क्या है?

शोधार्थी के मस्तिष्क में उभरने वाले उपरोक्त विचारों की संतुष्टि के लिए इस शोध विषय को करने की प्रेरणा मिली।

शोध परिकल्पना :

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की आकांक्षा स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।

शोध अध्ययन क्षेत्र का परिसीमन :

1. प्रस्तुत शोध कार्य कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोध राजस्थान राज्य के उदयपुर संभाग के उदयपुर, राजसमन्द, बांसवाड़ा एवं डूँगरपुर जिले में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय तक सीमित रखा गया।
3. प्रस्तुत शोध कार्य कक्षा 10, 11, 12 में अध्ययनरत बालिकाओं तक सीमित रखा गया।

शोध का औचित्य : किसी समस्या का औचित्य उसके परिणामों का विस्तृत क्षेत्र में सार्थकता एवं उपयुक्तता के आधार पर निश्चित कर सकते हैं। अत: शोधकर्ता ने वर्तमान समय की समस्या पर शोध करने का निश्चय किया है। भारत में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का सतत् प्रयास सरकार एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा किये जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं की शैक्षिक उन्नति के लिए

कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई। अत: शिक्षा का लक्ष्य न केवल व्यक्तित्व का विकास अपितु सामाजिक विकास करना भी है। कस्तूरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं की सांवेगिक परिपक्वता, समायोजन क्षमता एवं आकांक्षा के सम्बन्ध में अध्ययन करना शोधकर्ता की शोध की दृष्टि से औचित्य है।

पारिभाषिक शब्दावली :

1. **कस्तूरबा गाँधी विद्यालय–**सर्व शिक्षा अभियान के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बी.पी.एल. परिवार की शिक्षा से वंचित बालिकाओं को इन विद्यालयों से जोड़ा गया है। जहाँ नि:शुल्क शिक्षा, आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा एवं उनके चहुंमुँखी विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।
2. **आकांक्षा स्तर–**हम जहाँ है, वहाँ से उच्च स्तर प्राप्त करने की इच्छा ही जीवन का लक्ष्य, आकांक्षा स्तर निर्धारित करती है। अर्थात् आकांक्षा स्तर वह सीमा बताता है। जिस सीमा तक व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहता है।
3. **अध्ययनरत बालिकाएं–**प्रस्तुत शोध में अध्ययनरत बालिकाओं से आशय उन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बी.पी.एल. की छात्राओं से है जो कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10, 11, 12वीं कक्षा में अध्ययनरत है।

शोध विधि : प्रस्तुत शोध अध्ययन में समस्या की प्रकृति को देखते हुए शोधार्थी द्वारा शोध में सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया।

शोध उपकरण : प्रस्तुत शोध कार्य में दत्तो के संकलन हेतु निम्नांकित शोध उपकरणों का उपयोग किया गया।

(1) आकांक्षा स्तर–डॉ.महेश भार्गव व डॉ. एम.ए. शाह द्वारा निर्मित मानकीकृत उपकरण आकांक्षा स्तर मापनी।

शोध का न्यादर्श : प्रस्तुत शोध में उदयपुर संभाग के उदयपुर, राजसमन्द, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिले से कुल 400 बालिकाओं (न्यादर्श) का चयन किया गया।



शोध में प्रयुक्त सांख्यिकी :प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा तथ्यों के विश्लेषण हेतु निम्नलिखित सांख्यिकी का उपयोग किया गया –

1. मध्यमान
2. प्रमाप विचलन
3. टी–परीक्षण

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत समग्र बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

सारणी संख्या 1: कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत समग्र बालिकाओं का प्रतिशतवार आंकाक्षा स्तर

क्र.	क्षेत्र	समूह	उदयपुर	राजसमन्द	डूंगरपुर	बांसवाड़ा
1.	आकांक्षा स्तर	उच्च आकांक्षा	70%	68%	65%	60%
		औसत आकांक्षा	25%	22%	20%	30%
		निम्न आकांक्षा	05%	10%	15%	10%



व्याख्या : उपर्यक्त सारणी एवं आरेख संख्या 1 से स्पष्ट होता है कि उच्च आकांक्षा स्तर रखने वाली बालिकाओं का प्रतिशत उदयपुर में 70 प्रतिशत, राजसमन्द में 68 प्रतिशत, डूंगरपुर में 65 प्रतिशत तथा बांसवाड़ा में 60 प्रतिशत पाया गया। इसी प्रकार औसत आकांक्षा स्तर रखने वाली बालिकाओं का प्रतिशत उदयपुर में 25 प्रतिशत, राजसमन्द में 22 प्रतिशत, डूंगरपुर में 20 प्रतिशत तथा बांसवाड़ा में 30 प्रतिशत पाया गया। इसी प्रकार निम्न आकांक्षा स्तर उदयपुर में 5 प्रतिशत, राजसमन्द में 10 प्रतिशत, डूंगरपुर में 15 प्रतिशत तथा बांसवाड़ा में 10 प्रतिशत पाया गया।

इससे पता चलता है कि कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में सबसे अधिक 70 प्रतिशत उदयपुर का रहा। औसत लक्ष्य को प्राप्त करने में सबसे अधिक बांसवाड़ा 30 प्रतिशत रहा है। इसी तरह निम्न आकांक्षा स्तर लक्ष्य को प्राप्त करने में सबसे सबसे कम उदयपुर रहा।

इससे निष्कर्ष निकलता है कि कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में अधिक प्रयास करती है। निम्न आकांक्षा स्तर रखने वाली बालिकाओं की आकांक्षा स्तर की आवृति अधिक है।

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय के आकांक्षा स्तर का विश्लेषण।
2. निर्धारित लक्ष्य या आंकाक्षा के प्रति इच्छा, तीव्रता का स्तर का पता लगाना, इस शोध का उद्देश्य है।
3. प्रत्येक व्यक्ति कोई भी कार्य करने से पूर्व अपने मस्तिष्क में एक लक्ष्य निर्धारित करता है तथा निश्चित अवधि में उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है। अगर निश्चित समयावधि में लक्ष्य को प्रापत कर लेता है तो वह प्रसन्न रहता है और आगे के लिए उससे भी ऊँचा लक्ष्य निर्धारित करता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का विश्लेषण करने का प्रयास किया जा रहा है।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

सारणी संख्या 2 : कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर

	N	लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक (G.D.S.)	उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक (A.D.S.)	लक्ष्य पहुंचने वाले प्रयास (N.T.R.S.)
उदयपुर		2.47	–1.52	5.25



व्याख्या : उपर्युक्त सारणी एवं आरेख संख्या 2 के आधार पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.47 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक – 1.52 है। यह मान ऋणात्मक है। उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक का ऋणात्मक मान यह दर्शाता है कि बालिकाएं किस कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित लक्ष्य, वास्तविक उपलब्धि से अधिक है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि ये बालिकाएं अपने प्रयास के लक्ष्य को छू नहीं पाती है।

इसी प्रकार लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक **(G.D.S.)** एवं उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक **(A.D.S.)** मध्यमानों से स्पष्ट होता है कि बालिकाएं अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास नहीं करती लेकिन महत्वाकांक्षा सदैव उच्च रखती है तथा इनकी आकांक्षाएं वास्तविक उपलब्धि से उच्च है।

लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयासों **(N.T.R.S.)** का मध्यमान 5.25 प्राप्त हुआ जो कि बालिकाएं लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयास ठीक है।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

आरेख संख्या 3 :कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर

	N	लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक (G.D.S.)	उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक (A.D.S.)	लक्ष्य पहुंचने वाले प्रयास (N.T.R.S.)
राजसमंद		2.35	–1.37	5.34



व्याख्या : उपर्युक्त सारणी एवं आरेख संख्या 3 के आधार पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.35 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं का उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक – 1.37 है। यह मान ऋणात्मक है। उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक का ऋणात्मक मान यह दर्शाता है कि बालिकाएं किस कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित लक्ष्य, वास्तविक उपलब्धि से अधिक है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि ये बालिकाएं अपने प्रयास के लक्ष्य को छू नहीं पाती है।

इसी प्रकार लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक **(G.D.S.)** एवं उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक **(A.D.S.)** मध्यमानों से स्पष्ट होता है कि बालिकाएं अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास नहीं करती लेकिन महत्वाकांक्षा सदैव उच्च रखती है तथा इनकी आकांक्षाएं वास्तविक उपलब्धि से उच्च है।

लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयासों **(N.T.R.S.)** का मध्यमान 5.34 प्राप्त हुआ जो कि बालिकाएं लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयास ठीक है।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

सारणी संख्या 4: कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर

	N	लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक (G.D.S.)	उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक (A.D.S.)	लक्ष्य पहुंचने वाले प्रयास (N.T.R.S.)
डूंगरपुर		2.27	–1.33	5.10



व्याख्या : उपर्युक्त सारणी एवं आरेख संख्या 4 के आधार पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.27 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक – 1.33 है। यह मान ऋणात्मक है। उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक का ऋणात्मक मान यह दर्शाता है कि बालिकाएं किस कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित लक्ष्य, वास्तविक उपलब्धि से अधिक है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि ये बालिकाएं अपने प्रयास के लक्ष्य को छू नहीं पाती है।

इसी प्रकार लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक **(G.D.S.)** एवं उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक **(A.D.S.)** मध्यमानों से स्पष्ट होता है कि बालिकाएं अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास नहीं करती लेकिन महत्वाकांक्षा सदैव उच्च रखती है तथा इनकी आकांक्षाएं वास्तविक उपलब्धि से उच्च है।

लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयासों **(N.T.R.S.)** का मध्यमान 5.10 प्राप्त हुआ जो कि बालिकाएं लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयास ठीक है।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

सारणी संख्या : 5: कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर

	N	लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक (G.D.S.)	उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक (A.D.S.)	लक्ष्य पहुंचने वाले प्रयास (N.T.R.S.)
बांसवाड़ा		2.22	–1.50	5.30



व्याख्या : उपर्युक्त सारणी एवं आरेख संख्या 5 के आधार पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.22 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं का उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक – 1.50 है। यह मान ऋणात्मक है। उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक का ऋणात्मक मान यह दर्शाता है कि बालिकाएं किस कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित लक्ष्य, वास्तविक उपलब्धि से अधिक है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि ये बालिकाएं अपने प्रयास के लक्ष्य को छू नहीं पाती है।

इसी प्रकार लक्ष्य भिन्नता प्राप्तांक **(G.D.S.)** एवं उपलब्धि भिन्नता प्राप्तांक **(A.D.S.)** मध्यमानों से स्पष्ट होता है कि बालिकाएं अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गम्भीर प्रयास नहीं करती लेकिन महत्वाकांक्षा सदैव उच्च रखती है तथा इनकी आकांक्षाएं वास्तविक उपलब्धि से उच्च है।

लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयासों **(N.T.R.S.)** का मध्यमान 5.30 प्राप्त हुआ जो कि बालिकाएं लक्ष्य तक पहुंचने वाले प्रयास ठीक है।

शोध निष्कर्ष :

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत समग्र बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में अधिक प्रयास करती है। निम्न आकांक्षा स्तर रखने वाली बालिकाओं की आकांक्षा स्तर की आवृति अधिक है।

2. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.47 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

3. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय राजसमन्द में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.35 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

4. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय डूंगरपुर में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.27 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

5. कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं के आंकाक्षा स्तर का पता लगाना।

कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय बांसवाड़ा में अध्ययनरत बालिकाओं का भिन्नता प्राप्तांक 2.22 है। यह मान धनात्मक है। यह इस बात को निर्दिष्ट करता है बालिकाओं की आकांक्षाएं अपने पूर्व प्रयास से उच्च है। बालिकाएं कोई भी कार्य करने से पहले, अपना लक्ष्य निर्धारित करना पसंद करती हैं।

शैक्षिक निहितार्थ : प्रस्तुत शोध कार्य **कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं**, प्राचार्यों, शिक्षकों, वार्डन, अभिभावकों, के लिए उपयोगी है। जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

1. प्राचार्यों के लिए :– कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में

अध्ययनरत बालिकाओं की प्राचार्य शिक्षा के गुणात्मक विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करावे। कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की शिक्षण व आवास संबंधी सुविधा से अधिकतम अध्ययनरत छात्राएं लाभान्वित हांगीं। शिक्षा का स्तर बढ़ाने हेतु शिक्षण की नई तकनीकी व प्रविधियों की उपलबधता छात्राओं को करावें।

2. शिक्षक के लिए :- **कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं** के शिक्षकों को नवीन तकनीकी के ज्ञान हेतु कार्यशालाएँ आयोजित करनी चाहिए, जिससे शिक्षा के उन्नयन स्तर हेतु कक्षा-कक्ष में शिक्षण में उपयोग कर छात्राओं को नवीनतम शिक्षण तकनीक के माध्यम शिक्षण को आसान व आकर्षक बना सके।

3. वार्डन के लिए :- कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं में वार्डन के साथ वार्डन सहायक की नियुक्ति की जाए, जिससे वार्डन का कार्यभार कम तथा अवकाश पर जाने में समस्या उत्पन्न नहीं हो। सरकार द्वारा प्रदत्ता सुविधाओं को छात्राओं को लाभान्वित करने में सहायता मिलती है।

4. छात्रों के लिए :- **कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं** में शिक्षक, अनुदेशक तथा कार्यालय की नियुक्ति निम्नानुसार हो।

- जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके।
- छात्राओं की शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धियाँ हो सके।
- छात्राओं को कम्प्यूटर व तकनीकी का अधिक से अधिक ज्ञान दे।

लाभान्वित कर सके, जिससे छात्रों का वैयक्तिक व शैक्षिक जीवन स्तर उन्नयन हो सके।

5. अभिभावाकों के लिए :- कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं में अध्ययनरनत् विद्यार्थियों के अभिभावक समय-समय पर विद्यालय प्रशासन से छात्राओं के शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धि के बारे में पता करें। विद्यालय प्रशासन से छात्राओं की शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धि उन्नयन हेतु चर्चा विचार-विमर्श करके उहयोग प्रदान करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 Joshi, Mohan C.(1964):"A factorial study of the adjustment, Indian psychological review, Vol I.
2 Tallent, Norman (1978):Psychology of adjustment understanding ourselves and others, D Van Nostrand Company, New York.
3 Shrimali, P.L.(1961):A study of the adjustment problems of pupil teachers Journal of education and psychology, Vol. 9, April, 1961.
4 Shaffer L.F. (1936): The psychology of adjustment, New York, Houghton, Mifflin 1936.
5 Shaffer, and Shofen (1956) :The psychology of adjustment, Boston, Houghton Mifflin Co.
6 Mohammad Yunus: A study of adjustment and values of teachers of intermediate colleges of Bulandshar in U.P., C.I.E., Delhi, 1970.
7 Mangal, S.K. (1984):Dimensions of teacher adjustment, Vishal publications, university campus, Kurukshetra.
8 Joshi, Mohan C.(1964):"A factorial study of the adjustment, Indian psychological review, Vol I.
9 त्रिपाठी, मधुसूदन : शिक्षण अधिगम की मनोवैज्ञानिक पद्धति, 2007, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
10 सरोज आनन्द एवं सुमनलता(2000):छात्रों के प्रत्यक्षीकृत माता-पिता के व्यवहार एवं सामाजिक आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया।
11 पाठक, डॉ. आर.पी.,पाण्डेय अमिता, 2012 : शिक्षा में अनुसंधान एवं सांख्यिकी, कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
12 गोयल, स्वामी प्यारी(2002):किशोर बालिकाओं के मूल्यों, सुरक्षा की भावना तथा उनकी शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्ध का अध्ययन किया।
13 नजात, सुलेमान(2002):पूर्व प्राथमिक विद्यालय के बालकों पर घरेलू वातावरण के प्रभाव का अध्ययन किया।
14 कपिल, एच.के. (2006):'साँख्यिकी के मूल तत्व', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
15 ढौंडियाल, एस.एन. फाटक, अरविन्द बी.(1972):शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र, जयपुर, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
16 ढौंडियाल, एस.एन. फाटक, अरविन्द बी.(2003):शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र, जयपुर, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
17 रायजादा, बी. एस.1997 : शिक्षा में अनुसंधान के आवश्यक तत्व, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।
18 भटनागर, आर.पी. एवं भटनागर, मिनाक्षी(2008):शिक्षा अनुसंधान, मेरठ, आर. लाल बुक डिपो।
19. सुखिया एस. पी. मेहरोत्रा, आर. एन. (1970):'शैक्षिक अनुसधान के मूल तत्व' विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
20. अग्निहोत्री, रविन्द्र (2006):आधुनिक भारतीय शिक्षा की समस्याएँ एवं समाधान, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।
21. अग्रवाल वाय.पी. (2020): स्टेटिकल मेथड स्टर्लिंग पब्लिकेशन प्रा.लि.।
22. अब्राहम, जेरी (2006):गाइडेन्स एण्ड काउंसलिंग फॉर टीचर सरूप एण्ड सन्स पब्लिकेशर एज्युकेशन, दिल्ली।
23. अस्थाना, डॉ. विपिन (2004): मनोविज्ञान और शिक्षा में सांख्यिकी, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
24. कपिल, एच.के. (2002):अनुसंधान विधियाँ, अगरा राखी प्रकाशन
25. गणेशन, एन.एस. (2009):अनुसंधान प्राविधि सिद्धांत और प्रक्रिया, इलाहाबाद
26. गैंड डी. एन. तथा शर्मा आर.पी.:शैक्षिक एवं माध्यमिक शिक्षालय व्यवस्था (रामप्रसाद एण्ड सन्स आगरा।)
27. जायसवाल डॉ. सीताराम :भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याएं, प्रकाशन केन्द्र लखनऊ
28. बेस्ट, जे. डब्ल्यू (1986):रिसर्च इन एज्युकेशन प्रिंटिग हॉल ऑफ इण्डिया, प्रा. लि. नई दिल्ली।
29. बेस्ट, जे. डब्ल्यू (1989):रिसर्च इन एज्युकेशन प्रिंटिग हॉल ऑफ इण्डिया प्रा. लि. नई दिल्ली, 1989

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय की शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धियों का अध्ययन

नरेन्द्र कुमार* डॉ. सुभाष पुरोहित**

* शोधार्थी (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत
** शोध मार्गदर्शक (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व एक ग्राम की भांति सामीप्य पूर्ण हो चुका है। इस स्थिति में गरीब को गणेश मानते हुए वंचित वर्ग के बालकों को उत्कृष्ट शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु एवं वैश्वीकरण, उदारीकरण, वैज्ञानिकी एक तकनीकी शिक्षा में वृद्धि के फलस्वरूप शिक्षकों की शिक्षण विधियों एवं छात्र-छात्राओं के अधिगम हेतु नवीन उपकरणों, संसाधनों एवं आधुनिक युक्तियों का प्रयोग अवश्य भावी हो गया है। राष्ट्र के सवर्णिम भविष्य के लिए माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु 14 से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं के विचार से 15 अगस्त 2007 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े विकास खण्डों में एक आदर्श विद्यालय की स्थापना की अवधारणा की गई।

भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन, सामाजिक उत्थान, चिकित्सा एवं शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करने हेतु पंचवर्षीय योजनाओं में ग्रामीण एवं शहरी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षो के बाद भी हमारा देश आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं अन्य दृष्टि से भी पिछड़ा हुआ हैं किसी भी राष्ट्र की उन्नति एवं राष्ट्र के विकास के लिए राष्ट्र के नागरिकों को शिक्षित होना परम आवश्यक है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश में बडी द्रुतगति से शिक्षा का विकास हुआ। शिक्षा एक ऐसी गतिशील प्रक्रिया है जो बालक को देशकाल तथा परिस्थिति के अनुसार अग्रसर करती है। शिक्षा व्यक्तिगत विकास के माध्यम से सामाजिक विकास कर मनुष्य में मनुष्यता संचारित करने में सहायता करती हैं इस प्रकार बालक का समुचित विकास शिक्षा से सही संभव है। हमारे संविधान में केन्द्र सरकार के शिक्षा सम्बन्धी दायित्वों तथा नीति के मार्गदर्शन सिद्धान्तों में शिक्षा सम्बन्धी दायित्वों तथा नीति के मार्गदर्शन सिद्धान्तों में शिक्षा संबंधी प्रावधान की धारा 45 में स्पष्ट किया गया है तथा आजादी के बाद शिक्षाविदों तथा राजनीतिज्ञों द्वारा यह संकल्पना की गई है कि पंचवर्षीय योजनाओं से देश में बालक शिक्षा से लाभान्वित हो सके। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से लेकर पंचवर्षीय योजनाओं तथा नई शिक्षा नीति से लेकर संवैधानिक प्रावधानों में भी गुणवत्तापरक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के कई प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे है। वर्तमान शिक्षा प्रक्रिया में बालकों की अपने अधिकतम विकास करने के अवसर दिए जाते है। क्योंकि यह समाज का एक अंग है एवं समाज की प्रत्येक बालक से कुछ अपेक्षाएं है। शिक्षा का लक्ष्य न केवल व्यक्तित्व का विकास करना है अपितु सामाजिक विकास करना भी इसका लक्ष्य है और गाँवों में छात्रों के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षा की व्यवस्था भी नही हैं अत: इन कारणों से मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई। इन विद्यालयों में छात्रों को रहने व शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। छात्रों को न केवल उच्चतर शिक्षा दी जाती है अपितु उन्हें सामाजिक बनने का अवसर भी मिलता है।

भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के बालकों के लिए मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई।

जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय की स्थापना बालकों की शैक्षिक उन्नति के लिए की गई है। इन विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा से वंचित बालकों को आवास सहित सुविधा उपलब्ध कराना है।

उदयपुर के जनजाति विभाग के प्रायोजना अधिकारी एवं टीम सदस्यों की गुजरात में संचालित आवासीय विद्यालय की रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये गए रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान में जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया गया। राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में अनुच्छेद 275 (1) के तहत जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय की स्थापना की गई। सन् 2001 में सर्वप्रथम सलुम्बर तहसील में जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय की स्थापना की गई है।

जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति (एस.टी) के छात्रों को गुणवत्ता वाले मध्य और उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करना है, न केवल उन्हें उच्च और पेशेवर शैक्षिक पाठ्यक्रमों में सरकारी और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार का लाभ उठाने में सक्षम बनाना है। गैर-अनुसूचित जनजाति की आबादी के समान शिक्षा के सर्वोत्तम अवसरों तक पहुंच के लिए भी इन विद्यालयों की स्थापना की गई साथ ही इनसे जो प्राप्तियाँ होगी वे इस प्रकार है :-

1. प्रत्येक जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में नामांकित सभी छात्रों के व्यापक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से विकास होगा।
2. मानक (कक्षा) 11 और 12 में उन लोगों के लिए शैक्षिक सहायता पर अलग-अलग फोकस किया जाना चाहिए और उन मानकों के अनुसार जिन्हें कक्षा 6 से 10 माने, ताकि उनकी विशिष्ट

आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

3. वार्षिक चलने वाले खर्चों का समर्थ ऐसे तरीके से करें जो कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक प्रदान करता है और सुविधाओं की देखभाल करता हे।
4. छात्र जीवन की शिक्षा शारीरिक, पर्यावरण और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को प्रदान करने वाली बुनियादी ढांचे के निर्माण का समर्थन करना।

समस्या का औचित्य – वर्तमान शिक्षा प्रक्रिया में बालक को अपने अधिकतम विकास करने के अवसर दिए जाते है, क्योंकि यह समाज का एक अंग एवं समाज के प्रत्येक बालक से कुछ अपेक्षाएं है। शिक्षा का लक्ष्य न केवल व्यक्तिगत विकास करना है। अपितु सामाजिक विकास करना भी इसका लक्ष्य है। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई।

भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के बालक बालिकाओं की अनुभत समस्याओं एवं इन विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के विषय में अध्ययन करना शोध की दृष्टि से उपयोगी होगा। आदिवासी बालक–बालिकाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए यह विद्यालय कहाँ तक साबित हो रहे है?

शोध विधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन में समस्या की प्रकृति को देखते हुए शोधकर्ता द्वारा शोध में केस स्टडी (वैयक्तिक अध्ययन) का प्रयोग किया गया।

शोध उपकरण –संरचित साक्षात्कार अनुसूची:

1. संभागीय आयुक्त
2. प्रधानाचार्य
3. वार्डन
4. शिक्षक
5. पी.टी.आई
6. पुस्तकालय अध्यक्ष
7. अभिभावक

अध्ययन क्षेत्र का परिसीमन – आज ज्ञान का विभिन्न क्षेत्रों में इतना व्यापक प्रचार एवं प्रसार हो गया है कि किसी भी विषय का क्षेत्र अपने आप में असीमित है। अत: समस्या का परिसीमन निम्नानुसार किया गया :–

1. प्रस्तुत शोध कार्य को राजस्थान राज्य तक ही सीमित किया गया।

न्यादर्श का चयन – शोध कार्य में शोधार्थी द्वारा उदयपुर जिले में राजस्थान सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय ढीकली एवं सलुम्बर का चयन किया। प्रत्येक विद्यालय से प्राचार्य एवं वार्डन का चयन किया गया। प्रत्येक विद्यालय से 5 शिक्षकों का चयन करते हुए कुल 10 शिक्षकों का चयन किया गया। इनमें उन्हीं शिक्षकों का चयन किया गया है जो विद्यालय में 3 वर्ष से अधिक अवधि से कार्यरत है। 5 से अधिक शिक्षकों की संख्या होने पर ज्यादा समय से कार्यरत शिक्षकों का चयन किया गया। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 10 से 12 में अध्ययनरत 45 छात्रों का चयन यादृच्छिक विधि से करते हुए कुल 90 छात्रों का चयन किया गया। प्रत्येक विद्यालय से 10 छात्रों के अभिभावकों का चयन यादृच्छिक विधि से किया गया। न्यादर्श का स्वरूप इस प्रकार :–

जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय

ढीकली | **सलुम्बर**

क्र.	समूह
1.	संभागीय आयुक्त
2.	प्राचार्य
3.	शिक्षक
4.	वार्डन
5.	छात्र
6.	अभिभावक
7.	शारीरिक शिक्षक

क्र.	समूह	केस–1	केस–2	कुल
1.	प्राचार्य	1	1	2
2.	शिक्षक	5	5	10
3.	वार्डन	1	1	2
4.	छात्र	45	45	90
5.	अभिभावक	10	10	20
6.	शारीरिक शिक्षक	1	1	2

जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालयों की शैक्षिक गतिविधि – शोधार्थी द्वारा जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा राजस्थान राज्य में संचालित 6 जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालयों का व्यक्तित्व अध्ययन करने पर विद्यालयों की शैक्षिक उपलब्धियां निम्न प्रकार से पायी गयी :–

सारणी संख्या –1: जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय, सलुम्बर के गत तीन वर्षों का परीक्षा परिणाम

कक्षा	वर्ष 2015	वर्ष 2016	वर्ष 2017
VI	100%	100%	88.23%
VII	100%	100%	95.12%
VIII	100%	90%	86.11%
IX	75.51%	71.43%	72%
X	92.3%	91.1%	100%
XI	100%	76.74%	100%
XII	100%	57.5%	100%



व्याख्या – शोधार्थी द्वारा जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय, सलुम्बर के गत तीन वर्षों का परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित परिणाम पाये गये है:–

1. वर्ष 2015 में कक्षा 6 तथा 10 के अलावा सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है।
2. वर्ष 2016 में कक्षा 9 व 12 का परीक्षा परिणाम वर्ष 2015 की अपेक्षा शिक्षकों की कमी के कारण कम रहा है।
3. वर्ष 2017 में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम से कम पाया गया है।

सारणी संख्या – 2: जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय, ढीकली के गत तीन वर्षों का परीक्षा परिणाम

कक्षा	वर्ष 2015	वर्ष 2016	वर्ष 2017
VI	97.8%	100%	100%
VII	85.7%	100%	100%
VIII	92.23%	100%	100%
IX	90.2%	62.5%	50%
X	60%	60.6%	77.4%
XI	100%	100%	100%
XII	100%	80.6%	74.2%



व्याख्या – शोधार्थी द्वारा जनजाति क्षेत्र विभाग द्वारा मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय, ढीकली के गत तीन वर्षों का परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित परिणाम पाये गये है:–

1. वर्ष 2015 में कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम अन्य कक्षाओं की तुलना में बहुत कम रहा है।
2. वर्ष 2016 में कक्षा 9 व 10 का परीक्षा परिणाम अन्य कक्षाओं की तुलना में बहुत कम रहा है।
3. वर्ष 2017 में कक्षा 9 व 12 का परीक्षा परिणाम अन्य कक्षाओं की तुलना में बहुत कम रहा है।

शोध निष्कर्ष – शोधार्थी द्वारा शोधकार्य में निम्न निष्कर्ष पाये गये :–

1. जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय का वैयक्तिक अध्ययन करने पर पाया गया है कि राजस्थान राज्य में संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय राजस्थान के आदिवासी जनजाति क्षेत्र मे ंउपयोजना क्षेत्र में संचालित हैं शोधार्थी ने पाया कि अधिकांश 90 प्रतिशत जनसंख्या है, जिनका शिक्षा स्तर न्यून के बराबर हैं अधिकांश जनसंख्या कृषि कार्य, पशुपालन करके जीवनयापन करते हैं स्वतन्त्रता के पश्चात् शिक्षा का स्तर बढ़ाने हेतु भारत व राजस्थान सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। शिक्षा स्तर बढ़ाने हेतु नि:शुल्क व आवासीय सुविधा भी प्रदान की गई। राजस्थान सरकार द्वारा आश्रम छात्रावास, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय नवोदय विद्यालय, खेल छात्रावास आदि आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई। शिक्षा विस्तार हेतु सरकार द्वारा निरन्तर किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है। शिक्षा का विस्तार जनसंख्या के व्यक्तित्व, सामाजिक व आर्थिक पर दिखाई दे रहा है।

2. **प्रवेश प्रक्रिया –** जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय का वैयक्तिक अध्ययन करने पर शोधार्थी ने पाया कि सभी जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया एक समान है। प्रवेश हेतु जनजाति विभाग द्वारा राष्ट्रीय अखबार मे ंप्रवेश विज्ञप्ति जारी की जाती है। जिसमें 50 प्रतिशत छात्र जिले के, 30 प्रतिशत छात्र राज्य के एवं 20 प्रतिशत छात्र उपयोजन क्षेत्र (T.S.P.) के छात्रों को प्रवेश दिया जाता हैं। प्रवेश सिर्फ आदिवासी छात्रों को दिया जाता है जिनके अभिभावक कर दाता नहीं होते है। प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा प्रक्रिया व साक्षात्कार कराये जाते है। प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया में राजनैतिक व स्थानीय प्रतिनिधियों का कोई हस्तक्षेप नहीं होता हैं जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय मे आदिवासी छात्रों को पारदर्शिता से प्रवेश प्रक्रिया कराके प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया का मुख्य संरक्षक जनजाति विकास विभाग के संभागीय आयुक्त होता है। जिसके अधीनस्थ योजना अधिकारी होता है। योजना अधिकारी द्वारा सभी जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में सदस्य होते है। प्रवेश प्रक्रिया के समस्त अधिकारी व दायित्व संरक्षक के पास सुरक्षित रहते है।

शैक्षिक निहितार्थ – प्रस्तुत शोध कार्य जनजाति विभाग, प्राचार्यो, शिक्षकों, वार्डन, छात्रो, अभिभावकों, समुदाय, पुस्तकालय एवं शारीरिक शिक्षक के लिए उपयोगी है। जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

1. **जनजाति विभाग के लिए** – जनजाति विभाग को समय–समय पर जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालयों के विकास/उन्नयन हेतु प्रयास किए जाने चाहिए। शारीरिक शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक एवं लेब सहायक की नियुक्ति भी होवे। शिक्षकों के अभाव में शिक्षण का उपयोग छात्र हित में नही हो पा रहा है।
2. **प्राचार्यो के लिए –** जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय की शिक्षण आवास संबंधी सुविधा से अधिकतम से अधिकतम अध्ययनरत छात्र लाभान्वित होवें। शिक्षा का स्तर बढ़ाने हेतु शिक्षण की नई तकनीकी व प्रविधियों की उपलबधता छात्रों व शिक्षकों को करावें।
3. **शिक्षक के लिए** – जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय के शिक्षक शिक्षा के उन्नयन स्तर हेतु कक्षा–कक्ष में शिक्षण में उपयोग कर छात्रों को नवीनतम शिक्षण तकनीक के माध्यम शिक्षण को आसान व आकर्षक बना सके। अतिरिक्त कार्यभार से शिक्षण प्रभावित होता है।
4. **वार्डन के लिए** – जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में वार्डन के साथ वार्डन सहायक की नियुक्ति की जाए, जिससे वार्डन का कार्यभार कम

तथा अवकाश पर जाने में समस्या उत्पन्न नहीं हो। सरकार द्वारा प्रदत्ता सुविधाओं को छात्रों को लाभान्वित करने में सहायता मिलती है। वार्डन की प्रबन्धन कुशलता व क्षमता में वृद्धि होती है।

5. छात्रों के लिए – जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में शिक्षक, अनुदेशक तथा कार्यालय कर्मचारी की नियुक्ति निम्नानुसार हो।

i. जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।
ii. छात्रों की शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धियाँ हो सके।
iii. छात्रो को कम्प्यूटर व तकनीकी का अधिक से अधिक ज्ञान दे। लाभान्वित कर सके, जिससे छात्रों का वैयक्तिक व शैक्षिक जीवन स्तर उन्नयन हो सके।

6. अभिभावकों के लिए – जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में अध्ययनरनत् विद्यार्थियों के अभिभावक समय–समय पर विद्यालय प्रशासन से छात्रों के शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धि के बारे में पता करें। विद्यालय प्रशासन से छात्रों की शैक्षिक व सहशैक्षिक उपलब्धि उन्नयन हेतु चर्चा विचार–विमर्श करके सहयोग प्रदान करें।

i. जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में अभिभावकों को चाहिए कि छात्रों को अनावश्यक विद्यालय से अवकाश दिलाकर घरेलू कार्य न करावे।
ii. जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में छात्रों को वर्षभर सत्र दिवस में अधिकतर समय विद्यालयों में ही व्यतीत करने देवे।
iii. जनजाति क्षेत्रीय विभाग द्वारा संचालित जनजाति विभाग द्वारा संचालित मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल विद्यालय में प्राप्त सुविधाओं का छात्रो को लाभान्वित कराने हेतु सुसभ्य नागरिक बनाकर उज्जवल देश निर्माण में सहायता प्रदान करावे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अनुसूचित जातियों व जनुसूचित जनजातियों के आयुक्त की रिपोर्ट, (26वीं) भाग–1, 289–79, पृष्ठ 1–2
2. Dixit. U.N. (Director) : "A govt. of India Project on Tribal Education Ministry of Human Resource Development (Department of Education)". June-1987, New Delhi – Inter District variation in the development of Tribal Education in Rajasthan. {.37, Chapter V.
3. Imperial Gazettear of India Provincial series Rajputana, 1989, Superintendent of Govt. Printing Calcutta, P.87.
4. Imperial Gazettear of India Provincial series Rajputana, 1908, Superintendent of Govt. Printing Calcutta, P.36.
5. Jain, S.C. : "Community Development Panchayati Raj in India", 1987, Preface Allied Publishers.
6. Nanda, Sachchida : "The Social" Problems of the Education of Schedule Tries", 1967, Edited by M.S. Gore, Desai & Suma Chitnis Sociology of Education in India, P.204-5.
7. नवल, मदनलाल : 'अनुसूचित जातियां एवं अनुजातियां (राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में)', 1989, ब्रिलियन्ट पब्लिशर्स, शाहदरा दिल्ली, पृ.153।
8. Roat, Harish Chandra : "Tribal Settlement System and Development Strategy, 1987, Himanshu Publications, Udaipur (Rajasthan.) P. 37-38,
9. Shering, M.A. : "The Tribes and Casted of Rajasthan", 1975, Cosmo Publications Delhi, P. 78
10. Shering, M.A. : "The Tribes and Casted of Rajasthan", 1975, Cosmo Publications Delhi, P. 81-82.
11. Singh, K.P : Tribal Development .in India", 1988, Uppal Publishing House, New Delhi, P. 344.
12. Singhi, Ajit K. : "Tribal Development in India", 1984, Classical Publishing Co., New Delhi, P.88.
13. Singhi, N.K : "Education and Social Change" 1979, Rawat Publications Jaipur. P. 299.
14. Thakkar, A.V. : "The Problems of Primitive Tribes of India".
15. Tharamvir : "Tribal Women Changing Spectrum in India", 1990, Preface Classical Publishing Company, New Delhi.
16. टॉड लिखित राजस्थान का इतिहास (Annals and Antiquities of Rajasthan) हिन्दी अनुवाद अनुवादक केशव कुमार ठाकुर, द्वितीय संस्करण, 1965, पृ. 78, आदर्श हिन्दी पुस्तकालय इलाहाबाद।
17. Vidyarthi. L.P. (ed) : "Tribal Development and its administration". 1981, Concept Publishing Company, New Delhi, P. 341-343.
18. व्यास, कैलाशनाथ :'राजस्थान की जातियों का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन', 1992 जगदीश सिंह गहलोत शोध संस्थान, जयपुर, पृ. 267।
19. Vyas, N.N. and Singh, J.P. : "Tribal Development Past efforts and new Challenges". 1986, Himanshu Publication, Udaipur. P.-129
20. Vyas, N.N. and Singh, J.P. (Ed.) : "Tribal Development in Rajasthan Past efforts and new Challenges". 1989, Himanshu Publication, Udaipur. P.-130

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मेवाड़ राज्य का भौगोलिक-ऐतिहासिक परिचय और पर्यटन स्थल

भेरूलाल सुथार* डॉ. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत**

* शोधार्थी (भूगोल) मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत
** सह-आचार्य (इतिहास) मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

प्रस्तावना – 'हिंदुआ सूरज' उपनाम से प्रसिद्ध रहे भारतीय उपमहाद्धीप के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित राजस्थान का दक्षिणी-पश्चिमी भू-भाग अर्थात् 'मेवाड़' राज्य विभिन्न नामों से प्रसिद्ध रहा है। द्धितीय शताब्दी ई. पू. में ये क्षेत्र 'शिबि' जनपद के नाम से प्रसिद्ध था तो बाद में 'प्राग्वाट' कहलाया। संस्कृत शिलालेखों एवं ग्रन्थों में यह 'मेरों का देश' अर्थात् 'मेदपाट' नामकरण से भी सम्बोधित किया गया है।

गुहिलोत सिसोदिया शासकों का 'उदयपुर राज्य'या 'मेदपाट' मेवाड़ राज्य राजस्थान में विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान के दक्षिण में 23°49' से 25°28' उत्तर अक्षांश तथा 73°1' से 75°49' पूर्व देशान्तर के मध्य में स्थित है। भारतीय संघ में विलिनीकरण से पूर्व इसका क्षेत्रफल 12691 वर्गमील था। आधुनिक ऐतिहासिक काल में इस राज्य के उत्तर में अजमेर-मेरवाड़ा, पश्चिम में जोधपुर और सिरोही, दक्षिण पश्चिम में गुजरात का ईडर, दक्षिण में डूंगरपुर, बाँसवाड़ा और प्रतापगढ़, पूर्व में बूंदी व कोटा तथा मध्यप्रदेश का नीमच क्षेत्र सम्मिलित है। उत्तर-पूर्व में देवली की छावनी के पास जयपुर का क्षेत्र है। मेवाड़ राज्य के मध्य में स्थित ग्वालियर का परगना श्गंगापुरश जिसमें दस गाँव थे तथा आगे पूर्व में इन्दौर का परगना नंदवाय या नंदवास आ गया था जिसमें 29 गाँव थे।

अरावली की प्राकृतिक सुरक्षा और भूतलीय संरचना – मेवाड़ भू-क्षेत्र के पश्चिमी-दक्षिणी एवं पूर्वी भागों मेंविश्व की प्राचीनतम पर्वत माला अरावली पर्वत श्रेणियां फैली हुई हैं जिन्होंने पश्चिम, दक्षिण और पूर्व दिशाओं की ओर से राजस्थान व भारत के अन्य भू-प्रभागों से मेवाड़ को नैसर्गिक रूप से अलग करते हुए इन दिशाओं में मेवाड़राज्य की प्राकृतिक सीमाओंका निर्माण करती है जिन्होंने मेवाड़ के लिए एक प्रकार से सुरक्षा कवच का कार्य किया है। मेवाड़ के दक्षिणी विभाग से आगे डूंगरपुर राज्य तक फैली अरावली पर्वत श्रेणियों के बीच बहने वाली सोम व माही नदियाँ मेवाड़ व डूंगरपुर और मेवाड़ व बाँसवाड़ा के मध्य विभाजन रेखा के रूप में दक्षिण में मेवाड़ की प्राकृतिक सीमा बनाती है। मेवाड़ की उत्तरी प्राकृतिक सीमा के सन्दर्भ में उल्लेखनीय हैं कि मेवाड़ के उत्तर में बहने वाली खारी नदी इस राज्य को अजमेर-मेरवाड़ा से अलग करती है। भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार मेवाड़ को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करने वाली 'अरावली पर्वतमाला' का उदय आर्चएइन में हुआ है जी कि मेसोजोअिक काल में ऊँची हुई। अरावली पर्वतमाला में कुछ परिवर्तन पेलिओजोअिक काल में भी हुए। अत: इस पर्वतमाला का निर्माण काल वर्तमान से 10 लाख वर्ष पूर्व से एक खरब वर्ष पूर्व तक माना जा सकता है। निम्बाहेड़ा परगने के समीप मालवा का पठार भी मेवाड़ को अद्भुत भौगोलिक सौन्दर्य प्रदान करता हैं।

मेवाड़ का भू-भाग अधिकांशत: भूतल पहाड़ी है जिसकी स्थलाकृति (टोपोग्राफी) पर्वत श्रेणियों सहितदर्रे, वन-उपवन, पठार, मैदान, तालाब,नदियाँ, नाले, झीलें आदि विद्यमान रहे हैं। इसके पश्चिमी भाग में उत्तर से दक्षिण तक अरावली पर्वत की श्रृंखला फैली हुई है जो कि उत्तर (उत्तर-पूर्व) में अजमेर व मेरवाड़े में होती हुई दिवेर के करीब मेवाड़ में प्रवेश करती हैं जहाँ इनकी ऊँचाई और चौड़ाई कम है किन्तु दक्षिण-पश्चिम में मारवाड़ के किनारे किनारे अरावली पर्वत श्रृंखलाओं की ऊँचाई बढ़ती गई अर्थात् ये पर्वत श्रेणियां वायव्य कोण से लगाकर अधिकाँश पश्चिमी तथा दक्षिणी हिस्से में फैल गई हैं। कुम्भलगढ़ के निकट इनकी ऊँचाई 3568 फुट तक है,वहीं गोगुन्दा से 22 किलोमीटर उत्तर में स्थित इस क्षेत्र के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर जर्गा पहाड़ी की ऊँचाई 4315 फुट है एवं इसकी(जर्गा)चोटी समुद्रतल से 1223 मीटर ऊँची है। ऊँचाई के बराबर ही दक्षिण की ओर बढ़ते हुए इन पर्वत श्रृंखलाओं एवं उनसे सम्बद्ध पहाड़ियों का चौड़ाई में भी विस्तार होता गया है। जर्गा और राहंग के मध्य भूमि में आम के पेड़ है और यहाँ चाँवल, गेहूँ, चना, उड़द की पैदावारअधिक होती हैं। मछावला और जर्गा के बीच की भूमि पहाड़ कुहाड़िया नला कहलाती है जो 32 किलोमीटर लम्बी है। जर्गा का पहाड़ कुहाड़िये नाले से दाहिनी ओर है। जर्गा पर्वत पर जल उपलब्धता प्रकृति प्रदत्त रही। कुम्भलगढ़ तथा केलवाड़ा के पास अरावली पर्वत श्रेणियां राज्य के मध्य भाग की ओर करीब 17-18 किलोमीटर तथा गोगुन्दा के भाग में 29-30 किलोमीटर अन्दर की ओर फैल गई है। ये पर्वत श्रृंखलाएँ राज्य के उत्तर-पश्चिमी से लगाकर सारे पश्चिमी तथा दक्षिणी हिस्से में फैल गई है। उत्तर में खारी नदी से लगाकर चित्तौड़ से कुछ दक्षिण तक और चित्तौड़ से देबारी तक एक समान अर्थात् समतल भूमि है। अरावली पर्वत श्रेणी की दूसरी शाखा राज्य के उत्तर-पूर्व में देवली के पास से शुरू होकर भीलवाड़ा तक चली गई है। तीसरी श्रेणी देवली के निकट से निकल कर राज्य के पूर्वी हिस्से जहाजपुर मांडलगढ़, बिजोलिया, भैंसरोड़गढ़ व मेनाल होती हुई चित्तौड़ में दक्षिण तक जा पहुँची है। इस श्रेणी की ऊँचाई 2000 फुट से अधिक नहीं है। देबारी से लेकर राज्य का सारा पश्चिमी भाग पहाड़ियों से भरा पड़ा है। यहाँ की पहाड़ियों घने जंगलों से आच्छादित, जल की बहुतायत से लिए हुई थी। जहाजपुर से ही अरावली पहाड़ियों की श्रेणी विस्तृत और ऊँची होती चली गई है और माँडलगढ़ से आगे जाकर उसके ऊपर एक समान समतल भूमि आ गई है जिससे इसको 'ऊपरमाल' कहते हैं। यह उपजाऊ भूमि है (उपजाऊ पठार) तथा यहाँ जल की प्रचुरता है। बिजोलियाँ

का पठारी अंचल कृषि दृष्टि से उपजाऊ क्षेत्र रहा हैं।

रूपजी के निकट स्थित पर्वत या अरावली पर्वत मेवाड़ राज्य के सीमा पर हैं।जीलवाड़ा और रीछेड़ के मध्य आमलमाल या अमजमाल का बड़ा पर्वत 5 कोस या 16 कि.मी. लम्बा है। इसके इधर केलवा है। बाघोरी के आगे घाटा नामक गाँव है। उसके आगे भोरड का मगरा उत्तर-दक्षिण की ओर 16 कि.मी. लम्बा है। भोरड़ और मछावला के बीच समीचा गाँव उदयपुर से 54 कि.मी. रूपजी से 36 कि.मी. और कुम्भलमेर से 32 कि.मी. दूरी पर है। उसके आगे मछावला का मगरा 22 कि.मी. लम्बा है। इसके आस-पास 9 गाँव बसते हैं। इस पर्वत पर सघन वृक्षावली व जल की प्रचुरता थी। उसके आगे बरवाड़ा जहाँ से बर और बनास नदियां निकलती है। इसके आगे 3 कि.मी. लम्बा घासेर का पहाड़ है तथा इसके आगे नीचे पिण्डर झांप पर्वत है। सेवाड़ी गाँव कुंभलगढ़ से 22 कि.मी. दूर हैं। इससे राहंग का मगरा बहुत ही विकट है, जहाँ जल की अधिकता थी और 25 गाँव इसके आस-पास थे। यह पर्वत 51 कि.मी. लम्बा 51 कि.मी. चौड़ा और उसका घेरा 102 कि.मी. का है। कठिनाई के समय मेवाड़ के शासकों के लिए ठहरने का सुरक्षित समुचित स्थान है। बेकरिया के घाटे से जूही नदी निकलती है। बाँसवाड़ा व देवलिया प्रतापगढ़ के बीच मेवाड़ के 'छप्पन' के गाँव जाना और जगनेर हैं। देवलिया और मेवल के बीच के क्षेत्र को मण्डल का देश कहते हैं जिसमें मुख्य स्थान धरियावद है लेकिन बम्बोरा भी सम्मिलित हैं। यहाँ का पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। बड़वाल परगने का गाँव धरियावद जहाँ बड़े पहाड़ और सघन वृक्ष है।देवलिया का मेरवाड़ा भी निकट स्थित हैं।धरियावद के पश्चिम में मेवल के मगरे हैं तथा बाठरड़ा और सलूम्बर के मध्य बड़े-बड़े पहाड़ है। चीरवा से 7 कि.मी. और उदयपुर से 16 कि.मी. पर एकलिंग जी और वहाँ से 3 कि.मी. राठासण की पहाड़ी 6 कि.मी. के घेरे में है वहाँ जल नही था। मेवाड़ भू-क्षेत्र के पश्चिमी पहाड़ी भाग में दक्षिण-पश्चिमी भाग 'भोमट' (कोटड़ा और खेरवाड़ा तहसील) कहलाता हैं जिसमें सिरोही,पालनपुर और ईडर के इलाकों तक का मेवाड़ का पहाड़ी भू-क्षेत्र 'भोमट के जिलेय के रूप में प्रसिद्ध रहा हैं। भोमट के ऊपर की तरफ स्थित विशेष पहाड़ी मैदानी क्षेत्र 'गिर्वा' कहलाता है अर्थात् उदयपुर व उसका निकटवर्ती भू-भाग 'अंदरूनी गिरिवा' जो चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है, यह 'भीतरी गिर्वा' है और इसमें बाहर का समतल भाग 'बेरूनी गिरिवा' या बाहरी गिर्वा कहलाता है।

मेवाड़ राज्य के पूर्वी विभाग में उपजाऊ समतल क्षेत्र हैं किन्तु दक्षिणी और पश्चिमी विभाग में घने जंगलों से भरी पहाड़ियां आ गई है जिनके मध्य में स्थान-स्थान पर कृषि योग्य भूमि है। दक्षिण में डूंगरपुर की सीमा से लेकर पश्चिम में सिरोही की सीमा तक सारा प्रदेश पहाड़ी होने से 'मगरा' कहलाता हैं जबकि पूर्वी भाग 'छप्पन' कहलाता है। अनुमानत: मेवाड़ राज्य का करीब दो तिहाई भाग समतल है और शेष पहाड़ी एवं पर्वतीय। जनमानस के अनुसार 56 नदी-नालों के प्रवाह क्षेत्र या 56 गाँवों के समूह के कारण ये क्षेत्र छप्पन कहलाया।मुहनोत नैणसी के अनुसार चावंड,सेमारी,सलुम्बर और झाडोल के ताल्लुक में 56-56 गाँवों के समूह रहे।

नाल – मेवाड़ के पर्वतीय क्षेत्रों मेंसे निकलने वाले तंग रास्तोंया घाटियों या दर्रों को स्थानीय भाषा में 'नाल' कहते हैं। युद्ध के अवसर पर सैनिक आवागमन एवं व्यापार-वाणिज्य की दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्रोंमें अवस्थितइन नालो का रास्तों के रूप में उपयोग किया जाता था। वहीं वर्षा काल में इन पर्वतों व नाल के नीचे की सतही भूमि पर जल एकत्र हो जाता था जिसका उपयोग पशु-पक्षियों, राहगीरों के साथ साथ भूमिगत जल को बढ़ाने में सहायक होता था। 'जीलवाड़ा की नाल' अर्थात् 'पगल्या नाल','सोमेश्वर की नाल'या 'देसूरी की नाल', 'हाथी गुड़ा की नाल'इत्यादि उल्लेखनीय हैं। देबारी की घाटी, केवड़ा की नाल, भाखर (पर्वत) की नाल, खमनोर का घाटा, सायरे का घाटा आदि मेवाड़ राज्य के भौगोलिक वैशिष्ट्य के भाग हैं।

वन-सम्पदा – धरातलीय संरचना ने मेवाड़ को विभिन्न प्राकृतिकवन संपदाओं के भण्डार भी दिये हैं। बांस और छोटे-छोटे वृक्षों से ढकी अरावली पर्वतीय क्षेत्र की व्यापकता मेवाड़ की विविधतायुक्त विशाल वन सम्पदा की प्रतीक है, जहाँ की घाटियों में महुवा व आम का बाहुल्य रहा,तो वनों मेंसालर, मौरवा, सेमल, गूगल, आम, इमली, महुआ, सागवान, धामण (फालसा) टीमरू (आबनूस) पीपल, चंदन, नीम, सीसम, खैर, गूलर, जामून, खजूर, खेजड़ा, बबूल, रूँजडा, आँवला, बेहड़ा धौ, हलदू, हिंगोटा, कचनार, कालियासिरस (शिरिष) कड़ाया, आदि वृक्ष अत्यधिक पाये जाते है। बांसों के विशाल जंगलों के अतिरिक्त बांसी व धरियावद के जंगलों में कीमती ईमारती लकड़ी सागवान के असंख्य पेड़ उपलब्ध होते हैं। पशुओं के लिए घास, कई प्रकार की जड़ी बूटियां एवं गोंद, बेहड़ा, लाख, महुआ, आम, जामून आदि है, घने जंगलों का उत्पादन आदिवासियों की आजीविका का साधन रहा है। यहाँ घने वनों के कारण वर्षाकालीन जल रूकने से भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि हुई है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार चित्तौड़ दुर्ग के सीताफल ऐतिहासिक काल से प्रसिद्ध रहे हैं।बाठेड़ा क्षेत्र में अफीम,भांग व कंसुबा भी बोया जाता था। इस प्रकार मेवाड़ वन्य सम्पदा दृष्टिकोण से हरा-भरा क्षेत्र रहा हैं।

पशु-पक्षी एवं जल-जन्तु – मेवाड़ वन्य क्षेत्र में जंगल की बहुतायत के कारण यहाँ सभी प्रकार के वन्य जीवों का अस्तित्व रहा एवं जैव-विविधता के प्रतीक रहे जंगली जानवरों में शेर, सुनहरी नाहर, जंगली सूअर, अधबेसरा(बघेरा), टीमर्या, चौफुल्या, चीता(पेंथर), भेड़िया, बंदर, रीछ, सांभर, नीलगाय (रोझ), चीतल, हिरण, जंगली कुत्तो, वन-विलाव, लोमड़ी, गीदड़ (सिंयार), लकड़ भग्गा (जरख) खरगोश आदि प्रमुख रूप से पाये जाते रहे। इनमें से कुछ आदिवासियों व गरीब जनसामान्य के जीवनयापन हेतु खाद्य पदार्थ के रूप में प्रयुक्त होते थे।

विविध प्रकार के जंगली पक्षियों में गिद्ध, चील, शिकरा, बाज, मोर, तोता, कोयल, कौआ, जंगली मुर्ग, तीतर, कबूतर, बटेर, हरियल आदि मेवाड़ में पर्याप्त थे। जल जन्तुओं में मगरमच्छ, कछुए, विभिन्न प्रकार की मछलियां, केंकड़े, जलमानस आदि झीलों व नदियों में पाये जाते थे। जल स्रोतों के करीब रहते हुए भोजन के लिए जलीय जंतुओं पर निर्भर रहने वाले पक्षियों में ढ़ींच, सारस, बगुला, हंजा, घरट, टिरहरी, बतख, जलमुर्ग आदि विशेष उल्लेखनीय थे। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ये वन्य जीव घने जंगलों में निचले हिस्से की तरफ भरे रहने वाले जल का उपयोग करते थे।

नदियां –मेवाड़ की अधिकांश नदियां मेवाड़ भू-क्षेत्र के पश्चिमी भाग में स्थित अरावली या आड़ावला पर्वत श्रेणियों से निकलती है जिनमें बनास(कुम्भलगढ़ के निकट उद्गम), कोठारी(कोटेसरी), खारी(दिवेर की पहाड़ियों से उद्गम), मानसी, बेड़च(आयड), बागन, वाकल, सोम, जाखम आदि प्रमुख है।मेवाड़ में कई नदियां है किन्तु इनमें वर्ष भर बहने वाली एक भी नदी नहीं है,किन्तु चम्बल नदी वर्ष भर प्रवाहित होने वाली इस क्षेत्र की एकमात्र नदी है जो कि मेवाड़ में भैंसरोड़गढ़ के समीप 9मील(14-15कि.मी.)

तक बहती है। लेकिन उद्गम व प्रवाह क्षेत्र के दृष्टिकोण से चम्बल को वास्तव में मेवाड़ की नदी नहीं कहा जा सकता हैं। इन नदियों का प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक महत्व रहा है जिन्होंने मेवाड़ के नगरीकरण में आधारभूत भूमिका निभाई। खारी, सोम आदि नदियों ने जहाँ प्राकृतिक सीमाओं का निर्धारण किया वहीं बेड़च, बनास, आहड़ आदि नदियों ने प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल के विभिन्न युगों में मानव सभ्यता एवं भारतीय संस्कृति के विकास में पुरातात्विक स्मारकों के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

झीलें और तालाब – मेवाड़ भू–क्षेत्र में यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों ने कृत्रिम झीलों के निर्माण में योगदान दिया है। सन् 225 के नांदसायूप (स्तंभ) लेख में एक विशाल तालाब का जिक्र है। मेवाड़ भू–क्षेत्र में प्राकृतिक झील नहीं है लेकिन मध्यकाल से वर्तमानकाल तक कई झीलें यहाँ के गुहिलोत शासकों द्वारा बनवाई गई जिनमें पीछोला, उदयसागर, राजसमुद्र, जयसमुद्र, फतहसागर, बड़ी का तालाब, गंभीरी बांध, मेजा बाँध, राणा प्रताप सागर बाँध आदि विशेष उल्लेखनीय है। स्थापत्य स्मारक एवं जल स्थापत्य स्मारक की दृष्टि से इन झीलों का अभूतपूर्वक योगदान रहा है।मेवाड़ रियासत के तालाबों में घासा, सेंसरा, कपासन, मांडल, गुरलां, भटेवर आदि के तालाब उल्लेखनीय रहे।

जलवायु – मेवाड़ के धरातलीय स्तर के ऊँचे होने से यहाँ उष्णकाल में न तो अधिक गर्मी पड़ती है और न शीत ऋतु में अधिक सर्दी ही,इस प्रकार यहाँ के भू–भाग का जलवायु प्राय: समशीतोष्ण रहा। यहाँ सघन जंगलों एवं वृक्षों की बहुतायत से ठण्डी एवं गरम हवाओं, लहरों, वायु, बवण्डरों आदि का दौर–दौरा भी न के बराबर रहा है। यहाँ का जलवायु आरोग्यप्रद माना जाता है। किन्तु पहाड़ी क्षेत्र के जल में खनिज पदार्थ व वनस्पति के मिश्रण से भारीपन आ जाता है। यहाँ पर वर्षाकाल जून माह के मध्य से सितम्बर माह के मध्य तक का है जिसे 'चातुर्मास' अर्थात वर्षा के चार महीने के नाम से जाना जाता है। वर्षा का वार्षिक औसत 66 से.मी. से 95 से.मी. तक रहता था। अत: सघन वृक्षावली एवं घने जंगलों के कारण वर्षा का औसत अधिक रहता था परन्तु वर्तमान में वृक्षों के कट जाने व जंगलों के साफ हो जाने तथा उद्योगों के प्रदूषित प्रभाव ने मेवाड़ राज्य से सम्बद्ध भू–क्षेत्र के जलवायु व पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ दिया है जिससे सर्दी–गर्मी का प्रभाव तो बढ़ा ही है किन्तु साथ ही वर्षा के औसत में भी कमी आई है।



मेवाड़ के पमुख पर्यटन स्थल – मेवाड़ के संदर्भ में मेवाड़ काम्प्लेक्स (मेवाड़ सकुल योजना–गोगुन्दा,चावंड, हल्दीघाटी,दिवेर आदि राणा प्रताप से सम्बंधित स्थल), द ग्रेट अरावली ट्रेन सफारी(उदयपुर, राजसमन्द, कामलीघाट), मेवाड़–वागड़ धार्मिक सर्किट (मेवाड़–वागड़ के जनजातीय–धार्मिक केन्द्रों का भ्रमण) आदि उल्लेखनीय हैं।

मेवाड़ के चयनित पर्यटन स्थलों (ऐतिहासिक–विरासतीय स्मारक और सांस्कृतिक धरोहर) में उदयपुर (सिटी पेलेस, सज्जनगढ़ पेलेस व फतेह सागर, पीछोला झील सहित सहेलियों की बाड़ी) चित्तौड़गढ़ दुर्ग, कुम्भलगढ़ दुर्ग, सांवरियाजी, एकलिंगजी, नाथद्वारा–कांकरोली मन्दिर आदि महत्वपूर्ण स्थल हैं।

स्वयं द्वारा किये सर्वे के अनुसार चित्तौड़गढ़ के समीप बस्सी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, हम्मीरगढ़ इको–पार्क, सीतामाता वाइल्ड लाइफ सेंचुरी भी भौगोलिक पर्यटन दृष्टिकोण से मौलिक महत्ताा रखते हैं, सीतामाता की उड़न गिलहरिया तो सुप्रसिद्ध हैं। सीतामाता वन्य अभयारण्य का 12 बीघा में फैला हुआ बरगद भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु है, साथ ही लव–कुश कुंड के जल में स्नान करने से इसके आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त होने से चर्म रोगों के निराकरण के लिए भी ये उपयोगी हैं।

इसी प्रकार हम्मीरगढ़ ईकोपार्क में पर्यटकों के लिए रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध है। रात्रि विश्राम हेतु विशाल आकृति के स्विस टेन्ट यहाँ लगाए गए हैं जो कि रसोई घर और लैट–बाथ की सुविधाओं से युक्त हैं। ये टेन्ट न्यूनतम दर पर पर्यटकों को उपलब्ध कराए जाते हैं। पूर्णिमा की रात को रात्रिचर जीवों के दर्शन हेतु सर्वाधिक आदर्श मौका होता है इसीलिए पर्यटकों द्वारा प्राय: पूर्णिमा की रात के लिए ही स्विस टेन्ट बुक कराए जाते हैं।

सीतामाता–बस्सी वन्यजीव अभ्यारण्य, हमीरगढ़ ईकोपार्क शहरी चकाचौंध से दूर एक शांत और सुरम्य वातावरण में स्थित है। ये विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और वन्यजीवों के आश्रय स्थल है। जैव–विविधता की दृष्टि से ये संवेदनशील क्षेत्र है। ये जिले की महत्त्वपूर्ण जैव विविधता युक्त ईको पर्यटन साइट है। पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ाने हेतु इसके प्रबंधन व प्रचार–प्रसार को सही दिशा व मंच प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार तथा पर्यटन से जुड़ी संस्थाओं जैसे RTDC (Rajasthan Tourism Development Corporation) व RITTMAN (Rajasthan Institute of Tourism and Travel Management) आदि के सहयोग से इसे राज्य व राष्ट्र स्तरीय पहचान प्राप्त हो रही है। स्थानीय स्तर पर भी बिजयपुर, बस्सी के हेरिटेज होटल भी अपने निजी प्रबन्धन से पर्यटकों को इस क्षेत्र के भौगोलिक पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. घनश्याम सिंह,वर्षा चुण्डावत,शिवपाल सिंह,मेवाड़ के देवगढ–मदरिया क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं ठिकाना लसाणी के अभिलेख, हिमांशु प्रकाशन, उदयपुर, 2019ई.
2. गोरीशंकर हीराचंद ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग–1, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2022ई.
3. के.डी.अर्सकिन,ए गजेटियर ऑफ दी उदयपुर स्टेट, स्कॉटिश मिशन इंडस्ट्रीज को.लिमिटेड, 1908ई.
4. प्रियदर्शी ओझा,पश्चिमी भारत में जल प्रबंधन

5. ललित पाण्डेय, मेदपाट का पुरातात्विक इतिहास
6. कविराज श्यामलदास, वीर विनोद मेवाड़ का इतिहास, भाग प्रथम, महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट एवं राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर, 2017ई.
7. तेज सिंह तरुण,बिजौलियां का इतिहास, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2012ई.
8. अनुवादक रामनारायण दुगड़,संपादक गौरीशंकर हीराचंद ओझा, मुँहणोत नैणसी री ख्यात भाग–1, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर
9. देवीलाल पालीवाल,पानरवा का सोलंकी राजवंश, जनक प्रकाशन उदयपुर, 2000ई.
10. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत,बाठेड़ा (मेवाड़) के सारंगदेवोतों का राजनीतिक इतिहास, मेवाड़ श्री प्रकाशन, चित्तौड़गढ़ एवं नई दिल्ली, 2021
11. धायभाई तुलसीनाथ सिंह,शिकारी और शिकार (मेवाड़ संग्रहालय, मेवाड़ विश्वविद्यालय में संग्रहित)
12. जे.के.ओझा,मेवाड़ के पुरातात्विक स्मारक
13. मधु अग्रवाल, सी.पी.अग्रवाल, सांस्कृतिक पर्यटन से धरोहर का संरक्षण एवं संवर्धन, हिमांशु पब्लिकेशन, उदयपुर व नई दिल्ली, 2017
14. साक्षात्कार राजीव जी शर्मा, उम्र 53 वर्ष निवासो बांसी, रोहित जी चौबीसा, उम्र 26वर्ष, निवासी बांसी

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संस्कृत के आदिकवि कालिदास के साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा

डॉ. अनिता पाटीदार*

* अतिथि विद्वान (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, शामगढ (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संस्कृत साहित्य के देदीप्यमान नक्षत्रों में अद्भुत, ज्योतिस्वरूप प्रकाश पुंज, आभा से अलंकृत, मां काली एवं ज्ञानप्रदायिनी सरस्वती के वरद पुत्र, शैवधर्मावलम्बी, वैदर्भी रीति में निष्णात, अन्त: प्रकृति एवं बाह्य प्रकृति समायोजन में दक्ष, पात्र के चरित्र चित्रण के अनुकूल, जनमानस के हृदय को विडोलित करने वाले, अक्षयनिधि महाकवि कालिदास भारतीय ज्ञान परंपरा से महिमा मंडित है जिनके यशोगाथा विश्व पटल पर प्रासंगिक है। आपके महाकाव्य, दृश्यकाव्य एवं खण्डकाव्यों से संयुक्त सप्तग्रन्थमयी कृतियाँ अपने आप में उत्कृष्टता, दिव्यता को द्योतित करती है।

कालिदास के जीवन सम्बन्ध में अनेक किंवदंतियाँ प्रसिद्ध हैं। एक पारम्परिक मान्यता के अनुसार कालिदास सम्राट् विक्रमादित्य के दरबार के नवरत्नों में से एक थे, वे उच्च कोटि के एवं प्रतिभावान, महाकवि और नाटककार थे इस सन्दर्भ में एक श्लोक भी बहुचर्चित है।

धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कु–
वेतालभट्टघटखर्परकालिदासा: ।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपते: सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नवविक्रमस्य ।।

यह विक्रमादित्य वही है जिन्होंने विक्रम संवत् आरम्भ किया।

इस प्रकार संस्कृत वाङ्मय के रचनाकारों में रामायण और महाभारत के रचयिता वाल्मीकि, व्यास का जो गौरवमय स्थान है, वही स्थान कालिदास का है। भारतीय ज्ञान परंपरा में कालिदास का स्थान अद्वितीय और अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें संस्कृत साहित्य का आदिकवि कहा जाता है, और उनकी कृतियाँ न केवल साहित्यिक उत्कृष्टता का प्रमाण हैं बल्कि भारतीय समाज, संस्कृति, प्रकृति और दार्शनिक विचारों का भी सजीव चित्रण प्रस्तुत करती हैं। कालिदास ने अपने साहित्य में मानवीय संवेदनाओं, सौंदर्य, और गहन जीवन–दर्शन को पिरोया, जिससे उनकी रचनाएँ आज भी प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत हैं। भारतीय साहित्य में कालिदास ने संस्कृत भाषा और उसकी काव्य परंपरा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया, जो बाद के कवियों और साहित्यकारों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुई ।

कालिदास का समय भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण का युग था। उस समय भारत में गुप्त साम्राज्य की स्थापना हो चुकी थी, जो कला, विज्ञान, और साहित्य में अनुपम उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध था। गुप्तकाल को 'भारत का स्वर्णिम युग' कहा जाता था और इस युग में कालिदास जैसे कवियों और लेखकों ने भारतीय साहित्य को शिखर पर पहुँचाया। कालिदास की रचनाएँ भारतीय जीवन के हर पहलू को छूती हैं उनके साहित्य में मूल्य, प्रेम, प्रकृति, वीरता, धर्म, कर्तव्य, और आत्मचिंतन का अद्वितीय संगम देखा जा सकता है। उनका साहित्य भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति का गहन अध्ययन प्रस्तुत करता है, तथा समाज और प्रकृति के प्रति संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

वे पश्चिमी जगत के अनुतप्त हृदयों को भी अपनी सहजता एवं आध्यात्मिकता से परितोष प्रदान करते है। भारतीय शेक्सपीयर के साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के देदीप्यमान नक्षत्रों के प्रभाव से अन्य देशों की संस्कृतियों का कम रह जाता है।

स विश्ववन्द्यो महतां कवीनां गुरुर्मनीषी कवि कालिदास: ।
यत्काव्यपीयूषरसप्रवाह: स्वादामितानन्दमयो हि लोक: ।। – रघुवंशम्

कालिदास की रचनाएँ न केवल उनके समय में, बल्कि आज भी भारतीय साहित्य और संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। उनकी रचनाएँ भारतीय समाज, संस्कृति, प्रेम, धर्म और प्रकृति के प्रति सम्मान को दर्शाती हैं। उनके साहित्य का अध्ययन हमें भारतीय समाज के मूलभूत आदर्शों को समझने में मदद करता है और उनकी कृतियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए साहित्यिक धरोहर के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा से जनमानस को चेतना प्रदान करते रहेंगे

गुप्तकालीन समाज में धार्मिक सहिष्णुता थी, और हिंदू धर्म के साथ–साथ बौद्ध और जैन धर्म को भी संरक्षण मिला। यह सहिष्णुता कला और साहित्य में भी झलकती है, जहाँ देवी–देवताओं के साथ–साथ मानव और प्रकृति का सुंदर चित्रण हुआ है। यह काल धर्म, संस्कृति, दर्शन, और जीवन के आदर्शों का संगम स्थल था।

कालिदास के साहित्य ने अनेकता में एकता, विश्वबन्धुत्व की चेष्टा, श्रद्धातत्त्व की प्रमुखता, सहयोग व समन्वय की सरसता के द्वारा सम्पूर्ण विश्व की संस्कृति को तिरस्कृत कर भारतीय संस्कृति की अमिट छाप स्थापित कर अद्वितीय स्थान प्राप्त कर लिया है। गुणों की खान से ही संस्कार का जन्म होता है, जो व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से सफलता के शिखर पर ले जाता है। उनकी रचनाओं मे नैतिक मूल्य, षोडश संस्कारों, चतुष्टयों, व चार आश्रम व्यवस्था का चित्रण है।

कालिदास की कृतियों में संस्कारों पर अधिक वर्णन है। वैदिक काल से ही सोलह संस्कार की संख्या सर्वमान्य है, कालिदास भी इसी विचारधारा से प्रभावित हैंस जिस विधान से वे अपने पात्रों का संस्कार करते हैं उससे यह स्पष्ट होता है कि कालिदास स्वयं वैदिक पुरुष हैं। उनके लिए एसा कहा जा सकता है कि 'भारतीयेषु संस्कार: संस्कर्तासु महाकवि:'।

महाकवि कालिदास की दृष्टि में पार्थिवों के राजा दिलीप श्रेष्ठ तपस्वी हैं। दिलीप ने सन्तान प्राप्ति हेतु वसिष्ठ के आश्रम में इक्कीस दिन की तपस्या की। वहाँ जिस व्रत का उपदेश एवं पालन विधि का निर्देश ऋषि ने उन्हें दिया उसका उन्होंने सम्यक् पालन किया। अथर्ववेद में भी पुत्र की कामना की गयी है जिससे व्यक्ति पितृऋण से मुक्त हो जाता है।

निर्दिष्टां कुलपतिना स पर्णशालामध्यास्य प्रयतपरिग्रह: द्धितीय:।
तच्छिष्याध्ययनिवेदितावसानां संविष्ट: कुशशयने निशां निनाय ।।'

मनुष्य दान से उपभोग और ब्रह्मचर्य से दीर्घायुष्य प्राप्त करता है तपस्या से स्वर्ग, सुयश, दीर्घायुष्य, उच्चपद, उत्तमोत्तमभोग, ज्ञान-विज्ञान, आरोग्य सम्पत्ति, सौभाग्य आदि सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है-

तपसा प्राप्यते स्वर्गस्तपसा प्राप्यते यश:।
आयु: प्रकर्षो भोगश्च लभ्यन्ते तपसाविभो ।।

अहिंसा, दीक्षा के रखने वाले को फल की प्राप्ति वहीं कंदमुल पत्ता चबाकर तप करने वाले को स्वर्ग की प्राप्ति होती है इसका वर्णन है

अहिंसाया: फलं रुपं दीक्षाया: जन्मवैकुले।
फलमूलाशिनां राज्यं स्वर्ग: पर्णाशिनां भवेत् ।।

नन्दिनी की सेवा उनका तप है। जो भारतीय ज्ञान परंपरा को दर्शाता है

ज्ञानं विज्ञानमारोग्यं रुपं सम्पत्ताथैव च।
सौभाग्यं चौव तपसा प्राप्यते भरतर्षभ ।।

अग्नि के महत्त्व से भी कालिदास प्रभावित हैं, वे कहते हैं कि-अग्नि तपस्या का स्वामी है:

हवींषि मन्त्रपूतानि हुताश ! त्वयि जुह्वत:।
तपस्विनस्तप: सिद्धिं यान्ति त्वं तपसां प्रभु: ।।

वस्तुत: अग्नि की यह महत्ता वैदिक युग के अग्नि देव का स्मरण कराती है। इसी प्रकार वरुण, सूर्य, यम, त्वष्टा, रुद्र, मरुत् आदि देवताओं तथा शची, सरस्वती, अदिति, पृथिवी, अग्निपत्नीस्वाहा आदि देवियों का अभिधान कर कालिदास भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

भारतीयता की पहचान यज्ञों से है। यहाँ तो सृष्टि का आरम्भ ही यज्ञ से हुआ। कालिदास इस भावना से बहुत प्रभावित हैंय उन्होंने अपने श्रुतिसर्वस्व रघुवंश का प्रारम्भ ही उस दिव्य नायक से किया दिलीप का पुत्र रघु पूरे विश्व पर शासन करते हैं, दिग्विजय यात्रा करते हैं और विश्वजित् यज्ञ करते हैं।

रघुवंश के 17वें सर्ग में अतिथि का अभिषेक, गौ की उपमा सम्भवत पुराणों में प्राप्त वसिष्ठ की कामधेनु के संकेत है अत: कामधेनु तथा नन्दिनी का वर्णन मूलत: गौ माता के प्रति श्रद्धा है। कालिदास ने सूर्य के अश्वों का हरित् नाम बताया है यही बात वेदों में भी है। कालिदास ने पुत्र को ज्योति कहा है और उसके जन्म से पितृऋण से मुक्ति मानी है। कालिदास के साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के दिग्दर्शन होते हैं।

कालिदास ने प्रमुख रूप से महाकाव्य, खंडकाव्य और नाटक लिखे हैं। उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं' 'रघुवंशम', 'कुमारसंभव','मेघदूत','ऋतुसंहार', 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्', 'विक्रमोर्वशीयम्', और 'मालविकाग्निमित्रम् उनकी कृतियाँ केवल अपने समय के लिए नहीं बल्कि सदियों बाद भी विश्व साहित्य में अपना विशेष स्थान बनाए हुए हैं। कालिदास की रचनाओं को पढ़ते समय ऐसा प्रतीत होता है कि वह प्रकृति को अपनी रचनाओं का एक अभिन्न हिस्सा मानते थे। उनकी कविताओं में नदियाँ, पर्वत, बादल और ऋतुएँ जीवंत हो उठती हैं हिमालय पर्वत की प्राणोपयोगी सम्पदा के उल्लेख से भारत की प्राकृतिक प्रचुर सम्पत्ति का वर्णन किया है। हिमालय पर्वत में मिलने वाली जड़ी-बूटियाँ, वन्यपशु, पुष्प प्रजातियों, रत्नधातु आदि के गीत गाते हुए कवि थकता नहीं है

अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सोभाग्यविलोपि जातम्।
एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दो किरणेष्विवाङ्क:।।

समग्र वैदिक धर्मो के प्रति, मानवमात्र के प्रति सहनशीलता का पाठ इनके काव्य मे मिलता है 'रघुवंशम' एक महाकाव्य है जिसमें राजा रघु के वंशजों की कहानियाँ वर्णित हैं। यह काव्य 19 सर्गों में विभक्त है, जिसमें रघुवंश के महान राजाओं की वीरता, उनके नीति-नियम, आदर्श, नैतिक मूल्यों और जीवन का उत्कृष्ट चित्रण है। इस काव्य में अयोध्या के राजवंश, विशेषकर भगवान राम के वंश की कथा हैं। इसमें राम के आदर्श, चरित्र और उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं का सुन्दर वर्णन है जो आज मानव जाति के लिए प्रेरणा स्त्रोत है ।

कुमारसंभव महाकाव्य 17 सर्गों में विभाजित है। राजा रघु के वंशजों की कथा, माता पार्वती की तपस्या, शिव का वैवाहिक जीवन, और कुमार कार्तिकेय के जन्म प्रसंगों का विस्तृत विवरण है। इस काव्य में प्रेम, भक्ति, त्याग, मर्यादा, आदर्श, नैतिकता के अद्भुत उदाहरण हैं जो मानव जीवन में प्रकाश एवं सत्तामार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं, कालिदास ने प्रकृति के माध्यम से शिव-पार्वती के उत्कृष्ट प्रेम को दर्शाने, शिव-पार्वती की प्रेमकथा को सुंदरता और गहनता से प्रस्तुत किया।

मेघदूत और ऋतुसंहार इसी प्रकार कालिदास के खंडकाव्य हैं, जिनमें प्रकृति का सौंदर्य और मानवीय भावनाओं का अद्धितीय मिश्रण मिलता है। मेघदूत जिसे भारतीय साहित्य में विशेष स्थान प्राप्त है। इस काव्य में एक यक्ष, जो अलकापुरी में अपनी पत्नी से दूर हो गया है, एक मेघ (बादल) को दूत बनाकर अपने संदेश को अपनी प्रिय के पास भेजता है। यह काव्य केवल एक प्रेम कथा नहीं है, बल्कि इसमें प्रकृति का अनुपम चित्रण भी है। ऋतुसंहार यह काव्य छ: सर्गों में विभक्त है जिसमें भारतीय ऋतुओं का वर्णन मिलता है, जिसमें ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर और वसंत ऋतु का अत्यंत सुन्दरता से चित्रण किया गया है। कालिदास ने प्रत्येक ऋतु की विशेषताओं और उनके प्रभावों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। यह काव्य उनकी प्रकृति के प्रति गहरी प्रेमभावना को दर्शाता है और भारतीय जनजीवन में ऋतुओं के महत्व को भी प्रतिपादित करता है।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् भारतीय नाट्य परंपरा का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। जो उनके युग की सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह साहित्य भारत के भौतिक और आध्यात्मिक जीवन का समन्वय हैस भारतीय समाज के मूल्यों, संबंधों, और जीवन के आदर्शों को प्रस्तुत किया हैं। इस नाटक में राजा दुष्यन्त और शकुंतला की प्रेमकहानी के माध्यम से समाज में प्रचलित आदर्श प्रेम, समर्पण, और नारी सम्मान को कालिदास जी ने अभिव्यक्त किया। यह नाटक भारतीय साहित्य का एक ऐसा अनूठा अमर काव्य बन गया, इसने उस युग के दर्शकों और पाठकों पर गहरा प्रभाव डाला।

कालिदास ने इसी काल के सांस्कृतिक और धार्मिक आदर्शों को अपनी रचनाओं में समाहित किया जिसके कारण आज उनकी रचनाएं भारतीय समाज के शाश्वत मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हरिओम तिवारी,'संस्कृत साहित्य का इतिहास', पृष्ठ 89–110
2. सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, 'कालिदास: कवि और कवित्व', पृष्ठ 55–77
3. 'कालिदास का ऋतुसंहार' – सी.आर. देवधर द्वारा अनुवादित, आईएसबीएन: 9788120801624
4. 'ऋतुसंहार: ऋतुओं की माला': ए.एन.डी.द्वारा अनुवादित हक्सर, आईएसबीएन: 9780143414245
5. डॉ. भगवतीशरण उपाध्याय,'कालिदास और उनका युग',पृष्ठ 45–78
6. एस.एन.दासगुप्ता,'A History of Sanskrit Literature',पृष्ठ 123–145
7. 'कालिदास का रघुवंश' – एम.आर. काले द्वारा अनुवादित, आईएसबीएन: 812080610x
8. 'रघुवंश' – ए.एन.डी. द्वारा अनुवादित हक्सर, आईएसबीएन: 9780140447406 रघुवंश 1.95

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Human Relationships and Existential Dilemmas in the Plays of Girish Karnad

Nikhilesh Kumar*

***Ph.D. Scholar (English) Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA**

Introduction - Girish Karnad, a luminary in Indian English drama, occupies a unique place in the canon of modern Indian literature. His plays, deeply rooted in Indian mythology, history, and folklore, transcend temporal boundaries to explore universal themes and human dilemmas. Through his profound engagement with human relationships and existential crises, Karnad crafts narratives that resonate across cultures and eras.

The works of Karnad tend to explore all the intricacies of human relationships between people, within families, and through all systems in the society to show the delicate, and even conflictual nature of bonding between people. At the heart of his plays lies a probing inquiry into the human condition: the chase for identity, the conflict between personal wishes and expectations of society, and anxieties over existence, the reason why we are.

Karnad's plays such as Tughlaq, Hayavadana or Naga-Mandala shows his ability of integration of complex narratives where human relationships is used as the fulcrum for greater exploration of philosophy. Using the lives of his characters Karnad depicts the enduring conflict between fate and free will, duty and passion, tradition and modernity.These themes which are written with elements of existentialism make viewers face their reality in life and question the meaning of life and relationships in a constantly evolving world.

This paper aims at discussing the nuanced portrayal of human relationships and existential dilemmas explored in the work of Girish Karnad, dramatic oeuvre, showcasing his ability to combine the personal and the universal, the mythical and the contemporary, in his exploration of what it means to be human.

Human Relationships in Tughlaq: Girish Karnad's *Tughlaq* (1964) is a masterful exploration of Sultan Muhammad-bin-Tughlaq's relationships—with his subjects, his courtiers, and even himself.

The play portrays the Sultan as an enigmatic ruler, torn between his visionary ideals and his flawed execution. This duality affects his relationships, leading to betrayal, mistrust, and isolation.

- **Relationship with His Subjects:** Tughlaq's desire to unite Hindus and Muslims under his reign stems from an idealistic vision of justice and equality. However, this relationship deteriorates as his policies create chaos and disillusionment among his people. His decision to shift the capital from Delhi to Daulatabad exemplifies this.

"I want Delhi to represent the true spirit of India, her capacity to absorb every idea and make it her own."[1]

While the statement reflects his lofty ambitions, it also highlights his inability to anticipate the practical and emotional toll of his policies on his subjects.

- **Relationship with His Courtiers:** Tughlaq's court is rife with conspiracies, reflecting his inability to trust those around him. Aziz and Aazam, the scheming duo, embody the erosion of loyalty in his kingdom. Tughlaq's reliance on the deceitful Aziz shows his existential isolation:

"Even my closest advisors do not understand me. They see only what they want to see."[2]

This underscores his alienation, as his vision isolates him from his court and exposes the fragility of power.

- **Relationship with Himself:** The most compelling relationship in *Tughlaq* is the Sultan's internal conflict.

His idealism clashes with his pragmatism, leading to a profound existential crisis. Tughlaq's soliloquies often reveal his anguish over his perceived failure:

"My dreams have mocked me; my kingdom has betrayed me. I am a man lost in the labyrinth of my own making."[3]

This statement encapsulates his existential dilemma, where his lofty ideals become the source of his downfall.

Existential Dilemmas in Tughlaq: Tughlaq's existential struggles stem from his pursuit of perfection in an imperfect world. He grapples with the futility of his efforts and the burden of his isolation.

1. Conflict Between Ideals and Reality: Tughlaq's utopian vision for a harmonious India is marred by his inability to foresee human limitations. His dream of justice turns into tyranny, illustrating the existential dilemma of a leader burdened by his vision.

"Justice! Justice! But how can I mete out justice when

I stand accused in the eyes of my people?"[4]

Isolation and Alienation

Tughlaq's isolation is both self-imposed and circumstantial. His intellectual superiority distances him from those around him, while his failures alienate him further.

"God, why have you abandoned me? Or is it I who have abandoned myself?"[5]

This prayer-like monologue reveals his existential despair and his struggle to reconcile his ideals with his reality.

3. **Search for Meaning:** Tughlaq's existential crisis reaches its peak when he questions the purpose of his reign. His failure to connect with his subjects and fulfill his vision leads to a sense of futility.

"Is this the fate of all rulers? To be alone, misunderstood, and defeated by time?"[6]

In *Tughlaq*, Karnad masterfully intertwines the political and the personal to create a poignant exploration of human relationships and existential dilemmas. The Sultan's failed ideals, fractured relationships, and deep isolation offer a timeless commentary on the human condition.

Human Relationships in Hayavadana: Girish Karnad's *Hayavadana* (1971) is a rich tapestry of human relationships interwoven with myth, folklore, and existential questions. The play revolves around love, identity, and the complex interplay of the mind and body. Karnad uses his characters to explore how desires and societal norms shape human bonds.

- **Relationships in a Love Triangle:** The love triangle between Devadatta, Kapila, and Padmini underscores the complexities of human emotions. Devadatta represents intellect, Kapila symbolizes physical strength, and Padmini desires a union of both qualities. Her inability to reconcile her love for both men leads to tragic consequences.

"Padmini's eyes lingered on Kapila's body even while her heart reached out to Devadatta's mind."[7]

This reflects the tension in her relationships, shaped by conflicting desires for intellect and physicality.

- **Parent-Child Relationships:** Padmini's relationship with her son is also telling. After the deaths of Devadatta and Kapila, she tries to create a meaningful life for her child. However, the shadow of the past relationships continues to haunt her, reflecting how personal failures impact future bonds.

"She looked at her son as if trying to see a future beyond the ruins of her own."[8]

Friendship Turned Rivalry: The bond between Devadatta and Kapila, once a symbol of loyalty and friendship, deteriorates under the weight of romantic jealousy. Their relationships reflect the fragility of human connections in the face of competing desires.

"Kapila's laughter now had an edge—something strained, like a stretched bowstring."[9]

Existential Dilemmas in Hayavadana: The play's central themes are deeply existential, focusing on questions of identity, completeness, and the search for meaning. Karnad weaves the existential dilemmas of his characters into the broader narrative of self-discovery and transformation.

1. **Identity and the Mind-Body Dualism:** The head-swapping incident involving Devadatta and Kapila raises profound questions about identity. Who is the true Devadatta or Kapila? Is identity tied to the mind or the body?

"Can a man's body live without his mind? Or is it the other way around?"[10]

This existential dilemma is central to the narrative, emphasizing the fragmented nature of human identity.

2. **The Incompleteness of Human Existence:** The character of Hayavadana, the horse-headed man, symbolizes the existential quest for completeness. His longing to become fully human is ironically resolved when he transforms into a complete horse, questioning the very notion of perfection."What is completeness? A man who is part horse, or a horse that was once a man?"[11]

Hayavadana's journey reflects the futility of striving for an ideal in a world defined by imperfection.

3. **The Absurdity of Human Existence:** The existential absurdity in Hayavadana is heightened by its subversion of conventional logic. The goddess Kali's indifference, the head-swapping incident, and Hayavadana's transformation create a surreal world where the characters grapple with meaning in a chaotic reality.

"The goddess laughs, the world spins, and we are left to find meaning where there is none."[12]

In *Hayavadana*, Girish Karnad masterfully explores the intersections of human relationships and existential dilemmas. The fragmented identities, unfulfilled desires, and search for meaning among the characters create a profound commentary on the human condition. The play's use of myth and folklore amplifies its universality, making it a timeless exploration of what it means to be human.

Human Relationships in Naga-Mandala: In *Naga-Mandala*, Girish Karnad uses the metaphor of folklore to explore the intricacies of human relationships, particularly within marriage, and the interplay of love, fidelity, and societal expectations.

1. **Marriage and Estrangement:** The relationship between Rani and her husband, Appanna, exemplifies alienation within marriage. Appanna's neglect and infidelity create an emotional void in Rani's life, highlighting the fragility of marital bonds when based on control rather than love.

"You will stay here. I will come once a day to see if the doors are bolted. Nothing else concerns you."[13]

This line captures Appanna's dominance and indifference, underscoring the lack of emotional connection in their marriage.

2. **Fantasy and Fulfillment:** The serpent, Naga, who takes the form of Appanna, provides Rani with the love and attention she craves. This relationship blurs the lines between reality and fantasy, questioning the authenticity of love and the boundaries of human connection.

"You are not my husband. But you are the man who makes

me feel alive."[14]

This highlights Rani's search for emotional fulfillment, which transcends the conventional boundaries of marital fidelity.

3. Gender Roles and Power Dynamics: Rani's journey from a submissive wife to a figure of power in the village reflects a shift in gender dynamics. Her acceptance of Naga's love and her subsequent transformation challenge traditional notions of female obedience.

"I did nothing. The gods chose me to reveal their power."[15]

Rani's statement reveals her newfound agency, derived from the interplay of love, truth, and divine intervention.

Existential Dilemmas in Naga-Mandala: The play is imbued with existential themes, exploring questions of identity, truth, and the nature of reality.

1. Identity and Duality: The duality of Appanna and Naga raises questions about identity. Is Naga a representation of Rani's desires, or does he embody a mystical reality? This ambiguity reflects the fragmented nature of human identity and perception.

"Who is the real Appanna? The one who comes by day or the one who loves me at night?"[16]

Freedom and Confinement

Rani's life reflects the existential tension between freedom and confinement. Initially trapped in a loveless marriage, her relationship with Naga represents an escape, though it remains tied to the societal framework of her role as a wife.

"The walls of this house suffocate me, but outside lies a world I cannot claim as my own."[17]

The Search for Truth

The trial of Rani by elders of village is a symbolic existential quest for truth. The fact that she manages to hold the snake without being harmed is taken as a divine approval, however this also affects the fact of relativity of truth in a world governed by perception and power.

Truth is what you see and what you believe. But what if the gods see differently?"[18]

Girish Karnad in his Naga-Mandala uses the role of myth and reality to explore human relationships and existential dilemmas. The play steers through the complexity of love, fidelity, and identity, offering a profound critique of societal norms and individual desires. Through Rani's transformation, Karnad highlights the fluid nature of truth and the resilience of the human spirit in confronting existential challenges.

Conclusion: Naga-Mandala is a remarkable work by Girish Karnad that perfectly incorporates folklore into the modern patterns of human relations and the problem of human existence. By reflecting on Rani's journey of suppression to empowerment Karnad raises universal questions regarding love, identity and seeking truth. The uniqueness of structure of play and the thematic richness make the play be a part of the line of greatest modern Indian drama that should be compared with other important contemporary works.

Comparison with Other Contemporary Dramas:

1. Vijay Tendulkar's Sakharam Binder: Whereas Naga-Mandala explores the concepts of marriage by means of myth and fantasy, Vijay Tendulkar, in Sakharam Binder (1972), has followed a realistic approach by emphasizing the gender structure and patriarchy within a contemporary setting. Both the plays comment on patriarchal system, but in a more subtle and symbolist manner by Karnad and brutally realistic by Tendulkar.

In Sakharam Binder, the series of relationships of main character with women point to the values of transactional dominance and eventual fall, contrasts to transcendence of Rani in Naga-Mandala. The invincibility of women in oppressive situations, however, comes out in both plays.

2. Badal Sircar's Evam Indrajit: The Evam Indrajit (1965) written by Badal Sircar has existential themes, like Naga-Mandala, but it is set in a modern city environment. The characters of Sircar are dealing with the tediousness of the life and uselessness of the wishes of the society, which runs parallel to the quest of Rani to find meaning and satisfaction in her marriage.

While Evam Indrajit questions existential absurdity through alienation in a mechanized society, Naga-Mandala uses mythic motifs to address individual and communal identities.

Mahesh Elkunchwar's Garbo: Garbo by Mahesh Elkunchwar (1970) dwells on complicated feelings and affiliations of people and in particular struggle between desire and social constraints. Like Naga-Mandala, it was about love and fidelity; however, it has a nihilist sense to it. On the contrary, Karnad employs the redemptive solution by propounding the symbolical triumph of Rani and her spiritual change.

Relationships fall apart under existential desolation in Garbo, but in case of Naga-Mandala, love albeit, flawed and even unrealistic, enables the discovery of oneself and self- empowerment.

3. Karnad's Tughlaq: Karnad himself has written Tughlaq (1964), which similarly concerns people with existencially, yet addresses other theme, like political ambition and disillusionment of an ideal ruler. Naga-Mandala, on the contrary, focuses on personal and domestic world, featuring a microcosm view of existential angst.

These two plays disclose the characteristic of a human to struggle against contradictions: the idealism and practicality of Tughlaq, and the fantasy versus reality of Rani.

Closing Thought: Girish Karnad manages to establish a harmonious balance in Naga-Mandala between the myth and modernity providing a timeless reflection on the human relations and the issues of existence. The folkloric aspect of the play also offers a peculiar perspective, as most of the plays at the time were more realistic or used urban contexts. Combining the dreams of a fiction with the actual personal story, Karnad reminds us of the timeless nature of the ancient stories and their ability to help strug-

gling humans in the modern times and hence Naga-Mandala has played a pivotal role in the history of modern Indian drama.

References:-

1. Karnad, G. (1975). *Tughlaq*. Oxford University Press.
2. Karnad, G. (1975). *Tughlaq*. Oxford University Press.
3. Karnad, G. (1975). *Hayavadana*. Oxford University Press.
4. Karnad, G. (1990). *Naga-Mandala*. Oxford University Press.
5. Elkunchwar, M. (1970). *Garbo*. Oxford University Press
6. Sircar, B. (1963). *Evam Indrajit*. Seagull Books.
7. Tendulkar, V. (1972). *Sakharam Binder*. Oxford University Press.

****